## न्यूज़ अपडेट

### सशस्त्र बदमाशों ने तीन हाईवा में लगाई आग, फायरिंग कर फैलायी दहशत



**एजेंसी । रांची :** रांची के खलारी थाना क्षेत्र स्थित निर्मल महतो चौक के पास रविवार को भोर में करीब चार बजे हथियारबंद बदमाशों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाईवा में आगजनी की। इतना ही नहीं अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए तीन-चार राउंड फायरिंग भी की। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर खलारी पुलिस, मैक्लुस्कीगंज पुलिस और पिपरवार पुलिस पहुंची और आग को बुझाया। पुलिस के अनुसार इस घटना को आलोक गिरोह ने अंजाम दिया है। घटना में शामिल अपराधियों के ख़िलाफ़ पुलिस आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है। खलारी डीएसपी ने बताया कि तीन हाईवा को अपराधियों ने आग लगा दी है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय जुर्माना वसूलने पर दे रही है ध्यान : बाबूलाल मरांडी




**एजेंसी । रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक सिर्फ जुर्माना वसूलने से समस्या हल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशीलता की जरूरत है। आमजनों पर लगाए गए भारी भरकम जुर्माने पर पुनर्विचार करें और रांची की सड़कों पर मची लूट को रोककर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### तुलसी पूजन दिवस मनाने को लेकर हिंदू जागरण मंच की बैठक



**एजेंसी । रांची:** हिंदू जागरण मंच, रांची महानगर की एक बैठक रविवार को विशालाक्षी बैंक्वेट हाल में आयोजित की गई। इसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन सह स्नेह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान ने बताया कि लगातार 20 वर्ष से हिंदू जागरण मंच के इस वार्षिक कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी संगठन, कार्यकर्ता, आम लोग उपस्थित होते है और भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होते है। उसी का फल है कि अब घर घर में तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। बैठक में प्रमुख रुप से प्रदेश संयोजक ऋषिनाथ शाहदेव, हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजीत सिंह, राकेश कर्ण,सोनू कुमार, चंदन मिश्रा, निशांत यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामगढ़ में 13 पुलिस पदाधिकारी का हुआ तबादला, एसपी ने जारी की सूची



**एजेंसी । रामगढ़:** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने जिले में 13 पुलिस पदाधिकारी का तबादला कर दिया है। उन्होंने पांच थानों के पदाधिकारी को भी बदल दिया है। रविवार को एसपी ने इसकी सूची भी जारी कर दी है। सूची के अनुसार वेस्ट बोकारो में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रामप्रवेश पासवान को मांडू थाना प्रभारी, रजरप्पा थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर मो नौशाद को कुज्जू ओपी प्रभारी, गोला थाने में पदस्थापित ब्रह्मवत कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी, बरकाकाना ओपी में पदस्थापित विकास आर्यन को बरलांगा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को एसपी कार्यालय में पदस्थापित कर दिया गया है। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह को लाइन क्लोज किया गया है। दो सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार और सुरेश उरांव को रामगढ़ थाना में पदस्थापित किया गया है। एएसआई मो शाहनवाज खान को कुजू ओपी से बरकाकाना ओपी भेजा गया है।

### चाकू मारकर युवक की हत्या मामले मे सात गिरफ्तार



**एजेंसी । गिरिडीह :** चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को मुख्य आरोपित सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि बीते मुफस्सिल थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के चिलगा गांव के पास कल शनिवार शाम में कबीरबाद कॉल माइंस में ब्लास्टिंग दौरान आउटसोर्सिंग कम्पनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों के जरिये माइंस के पास घूमने आए बाइक सवार कुछ युवकों को हटने को कहा इसपर बाइक सवार युवकों ने आक्रोशित होकर दामोदर यादव सहित अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगा । थोड़ी देर बाद करीब एक दर्जन युवक पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर गोप ( 35 ) पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे इलाज के क्रम में दामोदर गोप की मौत हो गई । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड को अंजाम देने वाले और दामोदर के पेट में चाकू मारने वाले मुख्य आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब वह जिले से भागने के फिराक में था। मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि मुख्य आरोपित मो तौफिक पुराना अपराधी है और हाल के दिनों में ही जेल से छूटा है। एसडीपीओ जीतवाहन ने बताया कि घटना की सूचना के बाद से लगातार कार्रवाई हो रही है । टीम छापेमारी कर रही है । सात लोगों को गिरफ्तार किया किये गये । इनमें मुख्य आरोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

# भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न

**संगठन को जिला स्तर पर मजबूत बनाने से ही यह राज्य और देश स्तर पर मजबूत बनेगा: धर्मदास शुक्ला**

**एजेंसी । गोड्डा**




भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश स्तरीय कार्य समिति का 95 वां बैठक स्थानीय सिद्धू कानू सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में रविवार को संपन्न हो गया। बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रत्येक जिले के संगठन मंत्री सहित प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारियों में भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने अपने समापन भाषण में संगठन की मजबूती तथा इसके विस्तार पर कार्य करने की विस्तृत योजना की जानकारी तमाम उपस्थित अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में मजदूर कार्यरत हैं उन्हें पहचान तथा उनके कल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन को जिला स्तर पर मजबूत बनाने से ही यह राज्य एवं देश स्तर पर मजबूत बनेगा। उन्होंने महिलाओं को आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आप आधी आबादी हैं तथा आपको इसे समझना होगा। संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री अंगद उपाध्याय ने बतौर आयोजक इस कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इसकी सफलता में लगे लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सबसे न्यूनतम स्तर पर जाकर अपनी मजदूरों को संगठित एवं मजबूत बनाने के संकल्प पर लगातार चल रहा है। बैठक में झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री बृजेश कुमार, बीएमसी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बलराम यादव, झारखंड प्रदेश के महामंत्री राजीव रंजन सिंह कोषाध्यक्ष चंदन कुमार सहित उपस्थित तमाम अधिकारियों ने जिला स्तर से आए तमाम लोगों को संगठन से जुड़ी बातों को बताया। समापन अवसर पर क्षेत्र के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एबीवीपी झारखंड के 25वें प्रदेश अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

**एजेंसी । रांची**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड प्रदेश का 25वां तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होने जा रहा है।यह आगामी तीन, चार और पांच जनवरी 2025 तक चलेगा। इस अधिवेशन का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक और सांसद मनोज तिवारी एवं विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा सम्मिलित होंगी। प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डु राय ने रविवार को बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले एवं शैक्षणिक संस्थानों से 1000 छात्र , छात्राएं , शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता सहभागी होने धनबाद पहुंचेंगे । उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित के के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा। जहां पर उद्धघाटन समारोह के साथ-साथ संस्कृतिक कार्यक्रम , प्रस्ताव सत्र इत्यादि कार्यक्रम होंगे।

## अपराध की योजना बनाते छह गिरफ्तार



**एजेंसी । गिरिडीह**

आपराधिक योजना बनाते छह अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियो के पास से पुलिस ने दो पिस्तौल ,एक बाइक , दो मोबाइल, और सिम कार्ड भी जब्त किया है। रविवार को एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिन छह अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें तीन अपराधी समीर अंसारी,मो मेराजुद्दीन अंसारी उर्फ राजा, फणीभूषण साहू और शिबू साहू ने कुछ दिनों पहले ही बिरनी थाना इलाके के बिराजपुर जाने वाले रास्ते में एक बाइक सवार से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को अधिक दिन हुए है। इस बीच शनिवार की देर रात इनके सहयोगी रेहान अंसारी और रिजवान अंसारी सभी मिलकर बिरनी थाना इलाके के बरमसिया कोडरमा मेन रोड के धुज्जी जंगल में किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे थे। इसी दौरान एसडीपीओ धनंजय राम को गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपीओ धनवार राजेन्द्र प्रसाद सहित तीन थाना प्रभारियों ने जंगल की घेराबंदी कर छापेमारी कर सभी अपराधियों को पकड़ा। पूछताछ में इन अपराधियों ने कबूला कि वे लोग एक बड़े घटना को अंजाम देने के लिए जंगल में जुटे थे। गिरफ्तार किए गए सभी छह अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस ने सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है । पुलिस इस मामले में और जानकारी जुटाने के लिए आगे की जांच कर रही है ।

## बॉक्साइट लदा रोपवे ट्रॉली गिरा , बडी दुर्घटना टली

**एजेंसी । लोहरदगा**



लोहरदगा शहरी क्षेत्र में उस समय एक बहुत बडी घटना टल गई जब हिंडाल्को कंपनी का बाक्साइट लेकर बगडू माइंस से रोपवे ट्राली रिहायशी इलाकों में गीरने लगा। लगभग बारहट्रॉली मुहल्ले में बाक्साईट के साथ गीरे। गनीमत रही कि रविवार के कारण लोगों की आवाजाही कम थी और बच्चों का स्कूल बंद होने के कारण वे घरों में थे। बॉक्साइट ट्रॉली गिरने के कारण इलाके में अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। उल्लेखनीय है कि हिंडालको कंपनी के पहले इंडाल के जरिये इस रोपवे की स्थापना ब्रिटिश काल मे ही की गई थी। बाद में इंडाल कंपनी को हिंडाल्को ने खरीद लिया। उसके बाद से हिंडाल्को कंपनी ही रोपवे का परिचालन कर रही है। उस समय छोटा ट्राली से बॉक्साइट ढुलाई थी जिसकी ऊंचाई भी कम थी।लेकिन इन कुछ वर्षों में हिंडालको कंपनी अपने लालच को बढ़ावा देते हुए ट्रॉली का साइज बड़ी कर दी और सुरक्षा का नाम पर वही पुराने तरीके को अपना रही है। लोगों ने बताया कि रोपवे का मेंटेनेंस अगर होता रहता तो शायद यह हादसा नहीं होता। रविवार होने के कारण बच्चों का स्कूल बंद था उसी रास्ते से बच्चे स्कूल आना जाना करते हैं। यही कारण है कि ट्रॉली जब गिरी तो कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। शहरी क्षेत्र में एक नहीं लगभग 12 ट्रॉली गिरी है। लोगों ने बताया कि पूर्व में लगभग 15 वर्ष पहले इसीट्रॉली के गिरने के कारण से एक बच्चे की मौत हो गयी थी। लेकिन कंपनी ने कोई बदलाव नहीं किया और वही प्रक्रिया चल रही है जो वर्षो पुरानी है।

## कांग्रेस खूंटी में 26 दिसंबर को निकालेगी पदयात्रा

**एजेंसी । खूंटी**



खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा के खूंटी स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह सह एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के खूंटी जिला प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने बताया की 26 दिसंबर 1924 को कर्नाटक के बेलगाम में आयोजित कांग्रेस के सम्मेलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। इसके 100 वर्ष पूरे होने पर जिला कांग्रेस के जरिये 26 दिसंबर को स्मारक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रभारी ने कहा कि 28 दिसंबर 2024 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपना स्थापना दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के 139 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर जयंती मनाना है। साथ ही हमें पार्टी की समृद्ध विरासत, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में पार्टी के अहम योगदान पर विचार करने का अवसर मिला है। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि 26 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के जरिये नेताजी चौक खूंटी से दतिया स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पदयात्रा निकाली जाएगी और रेफरल अस्पताल के मरीजों के बीच फलों का वितरण किया जाएगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के स्थापना दिवस के दिन 28 दिसंबर को सुबह नौ बजे जिला, मंडल और पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने इसके लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि 139 वर्ष पूर्व 28 दिसंबर को ही कांग्रेस की स्थापना हुई थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन समारोहों को शानदार ढंग से सफल बनाएं।

## शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी । रांची**



रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ निरीक्षक ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची रेलवे स्टेशन रांची के पार्सल ऑफिस के पास एक संदिग्ध को भारी बैग के साथ घूमते पाया। संदेह होने पर उसके बैग की जांच करने पर शराब बरामद हुई। उसने अपना नाम शंभू कुमार बताया। वह बिहार के पटना के अगमकुआं का रहने वाला है। आरोपित ने बताया कि वह गाड़ी संख्या 18624 से पटना में अधिक दामों पर शराब बेचने जा रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति और पकड़ी शराब को उत्पाद विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया। जब्त शराब की कीमत 7400 रुपये आंकी गई है।

## नाबालिग की मांग में सिंदूर डालने वाला युवक को भेजा गया जेल

**एजेंसी । हजारीबाग**




जिला के कटकमसांडी के ढौठवा में एक युवक ने स्कूल से आ रही नाबालिग की मांग में सिंदूर डाल दी। घटना की चर्चा पूरे कटकमसांडी क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी और सभी लोग तरह तरह की चर्चा करने लगे।इस घटना की सूचना दोनों पक्षों के परिजनों को मिली। नाबालिग लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत कटकमसांडी थाना प्रभारी से की।थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर उसे बाद मे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है, कि ढौठवा गांव के देवल दांगी के पुत्र नितेश कुमार दांगी ने इस गांव के अंतर जाति समाज की नाबालिक लड़की की मांग में जबरन सिंदूर भर दी थी। घटना के बाद नाबालिग के परिजन और लड़की ने थाना में आवेदन देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। घटना के बाद युवक को न्यायिक हिरासत भेज दिया। वहीं नाबालिग को उसके परिजन को सौंप दिया गया है। कटकमसांडी राजवल्लभ कुमार ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

**प्रेस क्लब रांची की वार्षिक आम सभा सम्पन्न**

## 25 वर्षों से अधिक के पत्रकारों को स्थायी सदस्यता के प्रस्ताव पर सभा ने दी सहमती

**रांची :।**




रांची प्रेस क्लब के वार्षिक आम सभा ने रविवार को वरिष्ठ पत्रकार सदस्यों को सम्मान देते हुए उन्हें आजीवन निःशुल्क सदस्यता देने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की। प्रेस क्लब हॉल में क्लब की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ, सर्वप्रथम सभी दिवंगत पत्रकारों को नमन करते हुए उनकी आत्म की शांति हेतु एक का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वार्षिक आम सभा में कई प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा के बाद उन्हें पास किया गया। सभा की कार्यवाही वरिष्ठ सदस्य सह पत्रकारों के संबोधन और सुझावों के साथ शुरू हुई। इसके बाद क्लब के सचिव अमरकांत ने वार्षिक प्रतिवेदन और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह ने आय व्यय का ब्यौरा रखा। अध्यक्षीय संबोधन के दौरान क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने कहा कि विगत एक वर्ष में क्लब ने पत्रकारों के लिए कई काम किये गये, लेकिन आगे इस संस्था को नयी ऊंचाईयों पर ले जाने की योजना है। पत्रकारों को अपने निजी हितों के साथ साथ पत्रकारिता के गरिमा का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि की ओर से दिया गया। आम सभा में पांच सदस्यीय मेम्बरशिप रिव्यू कमिटी को ध्वनिमत से पारित किया गया साथ ही नये सदस्यता अभियान शुरू करने पर सहमति बनी। इस बैठक में मैनेजिंग कमिटी के सह सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य राजू प्रसाद, आलोक सिन्हा, अंजनी कुमार, संजय सुमन, आरजे अरविंद, चंदन भट्टाचार्य, विजय मिश्र, मोनू सिंह, सौरव शुक्ला शामिल रहे। सहित रांची प्रेस क्लब के सैकड़ो सम्मानित पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## सुविचार

तुम रात को आसमान में बहुत सारे तारों को देखते हो लेकिन सूर्य निकलने के बाद तारे नहीं दिखते। क्या तुम कहोगे कि दिन में आसमान में तारे होते ही नहीं ? सिर्फ इसलिए क्योंकि तुम अपने अज्ञान की वजह से भगवान को देख नहीं पाते, ये मत कहो कि भगवान जैसी कोई चीज नहीं होती।

# शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यह कहकर मौजूदा दौर की बहुत बड़ी जरूरत की ओर ध्यान दिलाया है कि 'शिक्षा प्रणाली को सीखने में बाधा नहीं, बल्कि सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करना चाहिए ... शिक्षा कोई व्यवसाय नहीं है, बल्कि अच्छे इंसान बनाने का एक व्रत है।' इससे यह सवाल भी पैदा होता है कि आज की शिक्षा कैसी होनी चाहिए? जो शिक्षा आज स्कूलों-कॉलेजों में दी जा रही है, उसका नतीजा सब जगह देखा जा सकता है। यह बहुत कम लोगों की आकांक्षाएं पूरी कर सकती है। शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य नौकरी हासिल करना (वह भी सरकारी), पेट भरना और सुख-सुविधाओं से युक्त जीवन जीना हो गया है। इसके बावजूद ये चीजें सबको नहीं मिल रही हैं। यह आज कई घरों की कहानी बन चुकी है। किसी परिवार में दो या तीन बच्चे हैं, सबने कॉलेज की डिग्रियां ले लीं, हर साल सरकारी नौकरियों के फॉर्म भर रहे हैं, कोचिंग ले रहे हैं, लेकिन चयन किसी का नहीं हो रहा है। माता-पिता उनकी शिक्षा पर लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं। इसके बावजूद बच्चों के लिए नौकरियां नहीं हैं। एक के बाद एक परीक्षाओं में असफलता मिलने से घर में तनाव का माहौल रहता है। क्या किया जाए? कुछ समझ में नहीं आ रहा है। बच्चे सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटीज को फॉलो करते हैं, जो महंगी कारों में घूमते हैं, विदेशों में मौज-मस्ती करते हैं, हमेशा खुश नजर आते हैं। उन्हें देखकर डिप्रेशन होने लगता है। वास्तव में हमारी शिक्षा प्रणाली में बहुत बड़े सुधारों की जरूरत है। अगर चालीस साल पहले कुछ बड़े सुधार कर दिए जाते तो आज ऐसी नौबत नहीं आती।

शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे व जिम्मेदार नागरिक तैयार करे, वे खुशहाल माहौल में जीवन यापन करने में भी सक्षम हों। कोरी किताबी पढ़ाई और ज्यादा से ज्यादा अंक लाने की होड़ का नाम शिक्षा नहीं है। हमें बच्चों को यह भी सिखाना होगा कि जरूरतमंद की मदद करना, ईमानदार रहना, विनम्र व्यवहार करना, दूसरों की सुविधाओं का ध्यान रखना, स्वच्छता को बढ़ावा देना ... जैसे कार्य शिक्षा का हिस्सा हैं। अगर कोई विद्यार्थी बहुत अच्छे अंक लेकर आए, लेकिन उसके मन में दया व करुणा का भाव न हो तो उसे शिक्षित नहीं कहा जा सकता। 'सिर्फ सरकारी नौकरी' को रोजगार समझने की धारणा को अब बदलना ही चाहिए। इसकी शुरुआत स्कूली शिक्षा से होनी चाहिए। बच्चों को गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों के साथ रोजगार पर आधारित शिक्षा देनी होगी। एक ओर जहां हमारे देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर हमारे ही नौजवान बेरोजगार हैं! ऐसा कैसे संभव है? क्या बाजारों में मांग नहीं है? हर साल हमारे बाजारों से विदेशी कंपनियां अरबों रुपए कमा लेती हैं। क्या कारण है कि हमारे नौजवान इस अवसर का लाभ नहीं उठा पाते? इसका प्रमुख कारण है- हुनर न होना। आज के ज्यादातर नौजवान डिग्री लेकर कॉलेज से निकलते हैं तो उन्हें पता चलता है कि रोजगार हासिल करने के लिए यही पर्याप्त नहीं है। उसके बाद वे सरकारी नौकरियों की दौड़ में लग जाते हैं, कोचिंग करते हैं। इसमें कुछ ही लोगों को सफलता मिलती है, क्योंकि सरकारी नौकरियां ज्यादा नहीं हैं। इन परीक्षाओं में बार-बार फेल होने से मनोबल पर गहरा असर पड़ता है। अगर ये बच्चे स्कूली दिनों से ही इसके लिए तैयार किए जाएं कि हमें पढ़ाई के साथ कोई हुनर सीखना है, उसे आधुनिक विज्ञान के तौर-तरीकों के साथ आगे लेकर जाना है, तो बेरोजगारी कोई बड़ी समस्या ही न रहे। सरकार को इसके लिए कुछ करना चाहिए। अगर नौजवानों को उनके हुनर और योग्यता के अनुसार काम मिल जाएगा, तो कई समस्याएं अपनेआप दूर हो जाएंगी।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय वसुंधरा राजे जी के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दु:खद है। मैं ईश्वर से आपकी एवं सभी के सकुशल होने और घायल पुलिसकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

-राज्यवर्धन सिंह राठौड़



मुंडारा से जोधपुर लौटते समय पीछे चल रही पुलिस की जीप के पलट जाने से पुलिसकर्मी रूपाराम जी, भागचंद जी, सूरज जी, नवीन जी व जितेंद्र जी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत एम्बुलेंस से राजकीय चिकित्सालय बाली पहुंचाया गया।

-वसुंधरा राजे



विश्व के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञों में अग्रणी, अपनी असाधारण प्रतिभा से भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करने वाले श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन एवं सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

-भजनलाल शर्मा

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन के उपदेश


एक बार की बात है, सुकरात का एक शिष्य विवाह करने को लेकर दुविधा में था। उसने अपने मित्रों, परिजनों और वरिष्ठजनों से सलाह भी ली। सभी ने अपनी-अपनी राय दी, लेकिन उनमें इतनी भिन्नता थी कि शिष्य भ्रमित हो गया। समाधान के लिए वह अपने गुरु सुकरात के पास पहुंचा और उनसे पूछा, 'गुरुदेव, क्या मुझे विवाह करना चाहिए?' सुकरात मुस्कराए और बोले, 'हां, तुम्हें विवाह अवश्य करना चाहिए।'

शिष्य ने आश्चर्य से पूछा, 'पर गुरुदेव, आपकी पत्नी तो बहुत झगड़ालू हैं। फिर भी आप मुझे विवाह की सलाह क्यों दे रहे हैं?' सुकरात ने हंसते हुए उत्तर दिया, 'किसी भी परिस्थिति में विवाह करना तुम्हारे लिए घाटे का सौदा नहीं होगा। यदि तुम्हें अच्छी पत्नी मिलेगी, तो तुम्हारा जीवन आनंदमय हो जाएगा। तुम्हें खुशी और प्रेरणा मिलेगी, जिससे तुम्हारी प्रगति होगी। परंतु यदि तुम्हें मेरी जैसी पत्नी मिली, तो वह तुम्हारे जीवन में इतनी चुनौतियां लाएगी कि तुम समस्याओं को सुलझाने में पारंगत हो जाओगे। कालांतर में एक महान विचारक भी बन सकते हो।'

## सामयिक

# किसानों की बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ धमोरा



**अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई।

जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होंने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानों की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया।

चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है।

आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानों के हित में किए गए कायों को देखते हुए वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

## नजरिया

# झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिकंजे में उपभोक्ता

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



ग्राहक धोखाधड़ी ऐसी समस्या है जिसका जाने-अनजाने में हम नित्य शिकार होते है, लेकिन बहुत बार हम जानकर भी अनसुना करते है, या ज्यादा गंभीरता नहीं दर्शाते, परंतु इसका बहुत गहरा प्रभाव होता है और जानमाल का नुकसान होकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रणाली को आघात पहुँचता है। आम इंसान के रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली चीज वाहन का ईंधन है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत और मापन पर संदेह हमेशा आम जनता को परेशान करते हैं। अनेक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद वहां गाड़ी के टायरों में हवा भरवाते वक्त कर्मचारी हवा चेक करने के लिए पैसे लेते हैं, जबकि पेट्रोल की कीमत में कुछ सेवाएं मुफ्त दी जाती है, जैसे - शौचालय का प्रयोग, पिने का पानी, टायरों में मुफ्त हवा, इंधन के गुणवत्ता और मात्रा की जांच, प्राथमिक चिकित्सा किट, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन कॉल। इन सेवाओं का चार्ज पेट्रोल विक्रेता के कमीशन में जोड़कर ही हमें पेट्रोल बेचा जाता हैं। यह सेवाएं पेट्रोल पंप पर मिलना अनिवार्य है अन्यथा ग्राहक सेवा में अवरोध निर्माण करने के लिए ऐसे पंपों के विरुद्ध शिकायत दर्ज की जा सकती है।

भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा पारित किया गया था। तभी से 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को सुरक्षा, सूचना, विकल्प, कहना, शिकायत व निवारण और उपभोक्ता अधिकार शिक्षा जैसे छह अधिकार मिले हैं। हम आधुनिक दुनिया के उस पड़ाव पर आ चुके है जहां हर ओर अंधाधुंध भागदौड, प्रतिस्पर्धा, टकराव नजर आता है। उत्पादों के केवल ऊपरी आवरण को खूबसूरत बनाकर बेचने का चलन चल पड़ा है। ग्राहक भी समय और पैसों की बचत की खातिर क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी को प्राथमिकता देता है, परंतु जो पैसे खर्च हो रहे है उस मुताबिक उत्पाद ग्राहक को मिल रहे है?

आज के समय में मिलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पार्ट्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है। पहले ग्राहकों को सीमित साधनों में गुणवत्ता मिलती थी, अब मार्केट में उपलब्ध असीमित साधनों में से गुणवत्ता ढूंढने पर भी नजर नहीं आती।

देशभर में साइबर अपराध तो अभी अपने चरम पर है, रोजाना ढेरों केस देखने-सुनने को मिलते है, हमें एसएमएस द्वारा फेक वेबसाइट की लिंक भेजी जाती है, अनेक फेक कॉल, ईमेल आते है, व्हाटसएप पर भी देश-विदेश के नये-नये नंबर से मैसेज आते है। हमारी डिजिटल गतिविधियों की जानकारी रिकॉर्ड होती है, इस डिजिटल युग में हमारी निजी जानकारी दुनियाभर में फैली है। आजकल डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं भी बहुत होने लगी है। साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की संख्या वित्त वर्ष 2023 में 75,800 मामलों के साथ हानि की राशि 421.4 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2,054.6 करोड़ राशि हो गई। 2024 के पहले चार महीनों में, भारतीयों को साइबर अपराधियों के कारण 1,750 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 740,000 शिकायतें दर्ज की गईं। 76,000 फर्जी वेबसाइटों के जरिए 8 लाख से ज्यादा लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। नए तरीकों का इस्तेमाल करने वाले स्कैमर्स के कारण ऑनलाइन धोखाधड़ी बढ़ रही है।

सभी सोशल मीडिया ने अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए कड़े नियम बनाये है, फिर भी योग्य रूप से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। बहुत बार देखा गया है कि सामान्य लोगों की अच्छी पोस्ट को स्कैम का नाम देकर उसे डिलीट किया जाता है और झूठे विज्ञापनों, अनुचित पोस्ट से सोशल मीडिया भरा रहता है। ऑनलाइन कोई भी उत्पाद खोजते समय फ्रॉड वेबसाइट भी नजर आते है, जिस पर उत्पाद की झूठी कीमत दर्शाकर ग्राहकों को खुलेआम लुटा जाता है। ऐसे झूठे ई-कॉमर्स वेबसाइट पर बैन क्यों नहीं लगता? लोग अक्सर ऐसे वेबसाइट के भ्रामक विज्ञापन और सस्ते कीमत के चलते फंस जाते हैं।

जान बचाने वाली दवाएं भी अब जान लेने वाली बन गयी है, ग्राहक ने किस पर भरोसा करना किस पर नहीं? हाल ही में एशिया के बड़े अस्पतालों में शुमार नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हजारों मरीजों को नकली दवा बाँटी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नकली दवाएं दुनिया के दवा व्यापार का 10 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, नकली दवाओं का वैश्विक बाज़ार 200 बिलियन डॉलर का है और इनमें से 67 प्रतिशत नकली दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारत में 5 प्रतिशत दवाएं नकली हैं। एसोचैम के 2022 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत दवाएँ नकली या अत्यंत निम्न दर्जे की हैं।

**जान बचाने वाली दवाएं भी अब जान लेने वाली बन गयी है, ग्राहक ने किस पर भरोसा करना किस पर नहीं? हाल ही में एशिया के बड़े अस्पतालों में शुमार नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हजारों मरीजों को नकली दवा बाँटी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नकली दवाएं दुनिया के दवा व्यापार का 10 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, नकली दवाओं का वैश्विक बाज़ार 200 बिलियन डॉलर का है और इनमें से 67 प्रतिशत नकली दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारत में 5 प्रतिशत दवाएं नकली हैं।**

क्रिसिल और ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बिकने वाले सभी उत्पादों में से लगभग 25-30 प्रतिशत नकली उत्पाद हैं, नकली सामान परिधान 31 प्रतिशत, एफएमसीजी 28 प्रतिशत, और ऑटोमोटिव 25 प्रतिशत में सबसे अधिक प्रचलित है, ये शीर्ष खंड हैं जहां उपभोक्ताओं को नकली उत्पाद मिलते हैं, इसके बाद फार्मास्यूटिकल्स 20 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं 17 प्रतिशत, कृषि रसायन 16 प्रतिशत है। फिक्की अनुसार, दवा, मसाले, शिशु आहार, मिनरल वाटर, सॉफ्टवेयर, सिगरेट, शराब, सोने के बिस्कुट और विलासिता के सामान सहित अधिकांश उत्पाद श्रेणियों में नकली उत्पाद पाए जा सकते हैं। फिक्की कैस्केड की रिपोर्ट है कि नकली उत्पादों के जालसाजी के कारण करों में वार्षिक हानि अरबों रुपये में होने का अनुमान है। नकली ऑटो पार्टस सड़क दुर्घटनाओं में 20 प्रतिशत का योगदान देते हैं और भारत में बिकने वाली हर तीन एंटीबायोटिक दवाओं में से एक नकली है। हम कभी देसी घी, शहद, केसर जैसे खाद्यपदार्थ भी खरीदते है तो लोग कहते है कि शुद्ध नहीं खरीदा होगा, मतलब लोगों को मार्केट के मिलावटखोरी पर हमसे ज्यादा यकीन हैं।

इन सभी समस्याओं पर केवल हमारी जागरूकता और तत्परता ही अंकुश लगा सकती हैं। सेवा, टिकट, गहने या कोई भी वस्तु की खरीदी हों, उपभोक्ता अधिकार के प्रति सचेत रहें। उत्पाद खरीदते वक्त सरकार द्वारा निर्देशित नियमों का कड़ाई से पालन करें। कोई भी उत्पाद लेने से पहले सोचें-समझें, उत्पाद पर प्रकाशित सुचना पढ़ें, प्रमाणित केंद्र से ही उत्पाद जांच परखकर खरीदें। उत्पाद का पक्का बिल लें। भ्रामक विज्ञापनों के उत्पाद खरीदने से बचें। उत्पाद संबंधी समस्या होने पर विक्रेता से बात करें, अगर निर्धारित नियम अनुसार विक्रेता सहायता नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में सरकार हमारी मदद के लिए तैयार हैं। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग मंत्रालय के इस वेबसाइट पर जाकर https://consumerhelpline.gov.in/public/ ग्राहक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है। राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन 1800114000 या 1915 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। व्हाट्सएप से भी संपर्क कर सकते हैं, 880000 1915 नंबर पर मैसेज भेज सकते हैं। एनसीएच या उमंग एप्प डाउनलोड करके भी वहां से मदद पा सकते हैं। साइबर धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cybercrime.gov.in या साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। उपभोक्ता न्यायालय विशेष रूप से उपभोक्ता अधिकार संरक्षण के लिए हैं। सभी मंत्रालय, विभिन्न विभाग, रेलवे, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अपने-अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को शिकायत होने पर न्याय देने हेतु कटिबद्ध है, इसके अलावा भी अनेक स्वयंसेवी संगठन संस्थान, फोरम एवं इत्यादि ग्राहक सेवा हेतु मदद करते हैं।

न्यूज़ अपडेट

## जिले में चौकीदार नियुक्ति से जुड़ी परीक्षा का आयोजन कुल दस केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार जिले में चौकीदार नियुक्ति से जुड़ी परीक्षा का आयोजन देवघर एवं मधुपुर अनुमंडल के कुल दस केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी एवं वरीय आलाधकारियों व दण्डाधिकारियों द्वारा सभी केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा था कि कहीं किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। वहीं सभी केन्द्राधीक्षकों द्वारा सतर्कता बरतते हुए यह ध्यान रखा जा रहा था कि किसी भी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार की निषिद्ध सामग्री का प्रयोग न किया जाय और न हीं किसी बाहरी व्यक्ति का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश हो। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों एवं दण्डाधिकारियों द्वारा भी यह ध्यान रखा जा रहा था कि परीक्षा के संचालन में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मुंगेर निवासी सोहन ठाकुर की हत्या का मामला, दो दोस्त गिरफ्तार, आपसी रंजिश में पत्थर से कुचलकर की गई थी हत्या

**दुमका।**

मुंगेर निवासी सोहन ठाकुर की हत्या की गुत्थी दुमका पुलिस द्वारा सुलझा ली गई है। सोहन ठाकुर की हत्या उनके ही दो दोस्तों ने आपसी रंजिश में कर दी थी, और शव को शिकारीपाड़ा के गणेशपुर गांव के समीप एनएच 114 ए के किनारे फेंककर भाग निकले थे। खास बात यह है कि तीनों दोस्त एक साथ तारापीठ पूजा करने गए थे। लौटने के क्रम में रास्ते में हत्यारों ने इस घटना को अंजाम दिया था।

गिरफ्तार दोस्तों में सोनू मंडल ( उम्र 35 ) जहाँ एक ओर कासिम बाज़ार थाना क्षेत्र के नवटोलिया बीनबारा गांव का रहनेवाला है, वहीं दूसरी ओर चेतनानंद चौधरी (उम्र - 55 वर्ष) मुंगेर के ×कासिम बाज़ार थाना के शास्त्रीनगर का निवासी है ।





● **क्या है पूरा मामला:** दरअसल दो दिन पूर्व दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने गणेशपुर के गांव के समीप सड़क के किनारे फेंका हुआ एक शव बरामद किया था । शव को देखकर ही यह पता चल रहा था कि उसकी हत्या की गई है क्योंकि इसका सर बुरी तरह कुचला हुआ था । रात में ही पुलिस डेडबॉडी को थाने ले आई थी । जब उसके कपड़ों की तलाशी ली गई तो उसमें उसका आई कार्ड मिला । उसमें दर्ज फोन नंबर से पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी तो शव की पहचान सोहन ठाकुर उम्र 50 वर्ष के रूप में की । सोहन ठाकुर बिहार के मुंगेर जिला के कासिम बाज़ार थाना क्षेत्र के नवटोलिया बीनबारा गांव के निवासी थे ।मृतक के छोटे भाई बबलू ठाकुर ने बताया कि सोहन ठाकुर 19 दिसम्बर को अपने दो दोस्तों के साथ एक ऑटो रिक्शा लेकर मुंगेर से तारापीठ पूजा करने गये थे । भाई ने पुलिस को कहा कि निश्चित तौर पर दोनों दोस्त सोनू मंडल और चेतनानंद चौधरी ने ही साजिश कर उसकी हत्या कर दी है।

इधर पुलिस ने इस मामले की छानबीन तुरंत शुरू की और उनका फोन लोकेशन के आधार पर ट्रेस किया तो पता चला कि वह दुमका जिले के महारो मोड़ के समीप अपने ऑटो रिक्शा के साथ हैं । फौरन पुलिस म्हारो मोड पहुंची तो देखा कि काफी लंबा सड़क जाम लगा हुआ है और ऑटो रिक्शा इस जाम में फंसा है पुलिस को देखते ही सोनू मंडल और चेतनानंद चौधरी भागने लगे लेकिन पुलिस ने धर दबोचा । खास बात यह है कि सोनू मंडल का आपराधिक इतिहास है और वह अलग-अलग मामलों में तीन बार जेल जा चुका है । जबकि चेतनानंद चौधरी भागलपुर में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है ।

**कुछ दिन पहले मृतक के साथ हुआ था विवाद:** पुलिस ने जब हत्या कर भाग रहे दोनों दोस्तों को पकड़ा और शिकारीपाड़ा थाना लेकर आई तो उन दोनों ने पूरी कहानी बताई। मृतक सोहन ठाकुर, सोनू मंडल और चेतनानंद चौधरी लंबे समय से साथ में ही नशापान किया करते थे। कुछ दिन पहले खाने-पीने के चक्कर में सोहन ठाकुर के साथ उनका विवाद हो गया था और इसी क्रम में इनका तारापीठ जाने का प्रोग्राम बना।

सोनू चौधरी मंडल का अपना ऑटो रिक्शा है और उसी से ये तीनों तारापीठ चले गए। लौटने के क्रम में रास्ते में इन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया। इस बीच मृतक सोहन ठाकुर दोनों से उलझ गया और मारपीट करने लगा। वह नशे में था और जल्द ही लुढ़क गया, इसी का लाभ उठाते हुए दोनों ने पत्थर से सर कुचल कर उसकी हत्या कर दी और शव को आगे की सीट में लोड कर भागने लगे। किंतु खून लगातार सड़क में गिर रहा था, इससे हत्यारों ने यह निर्णय लिया कि सड़क के किनारे शव फेंक दिया जाए। अंततः शिकारीपाड़ा थाना से कुछ ही दूर गणेशपुर गांव के पास सड़क के किनारे शव फेंककर भाग निकले ।

**थाना प्रभारी ने दी जानकारी:** शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने कहा कि हत्या का मामला सामने आते ही अनुसंधान शुरू कर दिया गया। परिजनों के द्वारा दिये गए फोन नंबर के आधार पर यह ज्ञात हुआ कि वे दोनों ऑटो रिक्शा के साथ महारो मोड़ के समीप हैं। पुलिस ने महारो पहुँचकर हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भेज दिया।

उन्होंने बताया कि मृतक के साथ इन लोगों का हमेशा खाना पीना होता था और कुछ दिन पहले भी इनके साथ विवाद भी हुआ था । तारापीठ से लौटने के क्रम में भी मारपीट होने लगा और बात बढ़ गई तो इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया ।

# ग्राहक सेवा केंद्रों को लूटने वाले अपराधी हुए गिरफ्तार

- **दो अपराधी पहले भी आर्म्स एक्ट में जा चुके हैं जेल**
- **गिरोह के दो सदस्य अभी भी फरार, दुमका में चार व पाकुड़ में एक लूट को दिया था अंजाम**

**दुमका।**

एसपी दुमका द्वारा गठित आधा दर्जन थाना की पुलिस ने अक्टूबर माह से अब तक चार व पाकुड़ में एक ग्राहक सेवा केंद्र में लूटपाट करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों के पास से तीन मोबाइल, दो बाइक और 18 दिसंबर को दुम गांव में वारदात के समय पहने कपड़े जब्त किए हैं। गिरोह के दो फरार सदस्यों का पता चल गया है। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

गिरफ्तार मनिकांत सोरेन मसलिया के झिलवा बांध टोला, संजय सोरेन जामजोरी व चरण मरांडी जामा का रहने वाला है। मनिकांत और चरण पहले भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके हैं। रविवार को पुलिस सभागार में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि इन अपराधियों ने 14 अक्टूबर को मुफस्सिल के घासीपुर में 1.08 लाख, 13 नवंबर को रानीश्वर के कदमा गांव में 50 हजार, चार दिसंबर को मसलिया के महुलबना में 40 हजार और 18 दिसंबर को दुम गांव में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को कब्जे में कर हथियार के बल पर 75 हजार रुपया लूट लिया था।



वारदात के बाद एसडीपीओ विजय महतो व डीएसपी इकुड डुंगडुंग के नेतृत्व में आधा दर्जन थाना प्रभारियों की एक टीम बनाई गई। टीम में शामिल हर पदाधिकारी अपने स्तर से छानबीन कर रहे थे। तकनीकी अनुसंधान के क्रम में शक के आधार पर पहले मनिकांत को उठाकर पूछताछ की गई। उसने सभी वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की और यह भी बताया कि पांच सदस्यीय गिरोह ने सारी वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद बाकी दो और की गिरफ्तारी की गई। जबकि दो साथी अभी हाथ नहीं आए हैं। उनका नाम पता चल गया है। उनके पास ही लूट का बचा हुआ पैसा और तमंचा है। दोनों की तलाश की जा रही है। मौके पर डीएसपी इकुड डुंगडुंग, आशीष भारद्वाज, निरीक्षक सत्यम कुमार आदि मौजूद थे।

**पाकुड़ में भी की थी लूटपाट:** एसपी खेरबार ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने करीब तीन माह पहले पाकुड़ जिले के महेशपुर में ग्राहक सेवा केंद्र में लूटपाट की थी। इतना ही नहीं पाकुड़िया क्षेत्र में फायरिंग की थी। आरोपितों ने इस घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

### विजय सिंह का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति

## खेल प्रेमी व वरीय अधिवक्ता विजय सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**दुमका।**

जिला खेलकूद संघ दुमका के तत्वावधान में विभिन्न खेलकूद संघ के अभिभावक, वरीय अधिवक्ता, प्रख्यात समाजसेवी, राजनीति सहित अन्य अनेक क्षेत्रों में सिद्दत से अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज रखने वाले विराट व्यक्तित्व के स्वामी स्व.विजय कुमार सिंह के निधन पर दुमका के इंडोर स्टेडियम परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न खेलकूद संघ के प्रतिनिधियों सहित समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़े ख्यातिप्राप्त लोगों ने उनके निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

इससे पूर्व उस्थित लोगों ने स्व. सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज के लिए इसे अपूरणीय क्षति बतलाया।

इस अवसर पर जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे, जिला एथलेटिक संघ के सचिव वरुण कुमार, जिला बास्केटबॉल संघ के अमित कुमार, जिला वालीबाल संघ के सचिव मुकेश कुमार, तीरंदाजी संघ



के देवीधन टुडु, कैरम संघ के विकास कुमार झा, कबड्डी संघ के हैदर हुसैन, कुश्ती संघ के संदीप कुमार जय, शिक्षक मदन कुमार, साहित्यकार विद्यापति झा, समाजसेवी प्रेम केसरी, लायंस क्लब के मनोज कुमार घोष, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के मुस्ताक अली, समाजसेवी मिथिलेश झा, व्याख्याता सिद्धोर हेंब्रम, सुमन सिंह, राजीव रंजन तथा डा. सत्यम ने अपने उद्बोधन के माध्यम से स्व. विजय कुमार सिंह के साथ बिताये गये क्षणों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर खेलकूद संघ के निमायकांत झा, मनीष कुमार, दाउद अली, समाजसेवी श्याम सुंदर सिंह,राधेश्याम वर्मा, प्रदीप मिश्रा आदि ने भी स्व. विजय बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जनविरोधी नीति के खिलाफ दूसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान को मिला जनसमर्थन

**दुमका।**

शिकारीपाड़ा में नवनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स दुकान आवंटन में जनविरोधी नीति को देखते हुए आक्रोशित स्थानीय नागरिकों ने दिन रविवार को हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आदिवासी अधिकार मोर्चा के बैनर तले हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व मोर्चा अध्यक्ष व समाज सेवी हाबिल मुर्मू ने किया। हस्ताक्षर अभियान में सभी समुदाय के लोगों ने आवेदन पत्र पर प्रस्ताव को भारी तादाद में समर्थन मिला।

हस्ताक्षर अभियान से जुड़े लोगों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नवनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स की दुकान के आवंटन में वर्तमान नियमा वली जनविरोधी व गरीब विरोधी है। वर्तमान में जारी नीति के तहत कोई गरीब और मध्य





वर्ग के लोगों का कल्याण नहीं हो सकता, बल्कि उल्टे गरीब, मध्य एवं पिछड़े वर्ग वंचित रह जाएँगे। उन्होंने इस संदर्भ पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के आवेदनपत्र के प्रस्ताव और माँग की आवाज बुलंद करने हेतु अपना-अपना हस्ताक्षर दर्ज कराया।

हस्ताक्षर अभियान में नवनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स, शिकारीपाड़ा में दुकान के लिए कमरा आवंटन से संबंधित दुमका जिला प्रशासन के समक्ष निम्न प्रस्ताव एवं माँगों को लेकर किया गया:-वर्तमान कमरा आवंटन नियमावली और कमरा आवंटन का हम विरोध करते हैं। उसे यथाशीघ्र निरस्त कर पुनर्विचार करें । कमरा आवंटन, 1932 के स्थानीय खतियान धारियों के लिए जातिवार आरक्षण रोस्टर के आधार पर सुनिश्चित करें। जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति के शिक्षित बेरोजगार युवकों को निशुल्क सौ फीसदी अनुदानित दर पर कमरा उपलब्ध कराए। अ. जाति/ जनजाति / पिछड़ी जाति शिक्षित बेरोजगार युवकों को मेसो परियोजना के तहत पूँजी उपलब्ध करवायें।

5. तीन लाख रुपए ₹एडवांस सिक्युरिटी मनी डिपोजिट₹ की बाध्यता समाप्त करें और प्रतिमाह, प्रति कमरे का एक हजार रूपए किराया निर्धारित करें।

इस मौके पर भारी तदाद पर स्थानीय प्रबुद्ध गणों ने सहर्ष अपना-अपना हस्ताक्षर दर्ज कर समर्थन किया। इस दरम्यान हाबिल मुर्मू, सनत कुमार साहा, मो. युसूफ अंसारी, रतन बास्की, मिनोति मुर्मू, तपोधन पाल, रंजीत कुमार, प्रदीप राय, मोइनुद्दीन अंसारी, राजीव सोरेन, कलीम अंसारी, विनोद राणा, लालु, कंचन साहा, शाहिद अंसारी, जुम्मन अंसारी, ईलीस हेम्ब्रम, अफजल अंसारी, संतोष भंडारी, धनीराम सोरेन, शिल्वान्ती सोरेन, बीना सोरेन, लीली सोरेन, जोतिन कि स्कू सहित भारी संख्या में स्थानीय गण्यमान्य बुद्धिजीवीगण हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए।

## विश्वकर्मा विशिष्ट सम्मान- 2024 से सम्मानित किये गए डॉ विनोद

**दुमका।**

संताल परगना कॉलेज, दुमका के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा को झारखंड प्रदेश जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज द्वारा विश्वकर्मा विशिष्ट सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह विशिष्ट सम्मान 22 दिसंबर 2024 को सिदगोड़ा, सूर्य मंदिर प्रांगण में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित ₹पारिवारिक मिलन सह वनभोज ₹ कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा अध्यक्ष विकास राणा के हाथों जमशेदपुर जिला अध्यक्ष रामविलास शर्मा, महासचिव सुजीत शर्मा और महिला जमशेदपुर विश्वकर्मा अध्यक्षा मीरा शर्मा की उपस्थिति





में दिया गया।

डॉ विनोद कुमार शर्मा को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। कार्यक्रम में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि व्यक्ति के दायित्व निर्वहन से ही किसी भी समाज और राष्ट्र का सर्वांगिक विकास सुनिश्चित होता है। शिक्षा के द्वारा न केवल अच्छी सोच और संस्कृति का निर्माण होता है बल्कि स्वस्थ्य और मज़बूत राष्ट्र की नींव भी पड़ती है।

डॉ शर्मा को पूर्व में झारखंड प्रदेश दुमका जिला इकाई द्वारा वर्ष 2018 में झारखंड के पूर्व महिला एवं समाज कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी के हाथों जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ हनुमान प्रसाद शर्मा, पूर्व प्रतिकुलपति, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ शर्मा को इस विशिष्ट सम्मान की प्राप्ति पर कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव, डॉ शंभु कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिन्हा, डॉ परमानंद प्रसाद सिंह, डॉ राजेश यादव, डॉ पुष्पलता, डॉ रवि शंकर कुमार , डॉ वेद प्रकाश सहाय, डॉ दिनेश नारायण वर्मा आदि शिक्षकों सहित पप्पी शर्मा, नूतन कुमारी, अनिल शर्मा, राकेश कुमार ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज के लिए विशेष योगदान के लिए जहां विश्वकर्मा रत्न सम्मान और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए विशिष्ट सम्मान दिया गया वहीं मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# माकपा का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न, कॉ0 सुभाष हेंब्रम दूसरी दफा चुने गए जिला सचिव

**दुमका।**

लोमाई हवेली (कॉ0 सीताराम येचुरी नगर, कड़हल बिल) दुमका में सीपीएम का दो दिवसीय (12 वां) जिला सम्मेलन संपन्न हो गया। सम्मेलन की शुरुआत 21 दिसंबर की दोपहर 2 बजे कॉ0 गेंदु राय के द्वारा झंडोत्तोलन व शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित के साथ ही हुई।

तत्पश्चात दो सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का चुनाव कराया गया। कामरेड रानी सोरेन, कामरेड अखिलेश झा सम्मेलन की शुरुआत राज सचिव मंडल सदस्य कामरेड सुरजीत सिंहा ने उद्घाटन भाषण किया। अपने संभोजन में पार्टी के इतिहास कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए मौजूदा मोदी सरकार के सांप्रदायिकता वाली एजेंडे एवं किसान मजदूर विरोधी मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए विस्तार से चर्चा की गई राज्य में जहां भाजपा को हार मिली इंडिया गठबंधन ने भारी जीत दर्ज की लेकिन हेमंत सरकार ने भी अपने घोषणा पत्र में किसानों के धान







फसल का एमएसपी 3200 की घोषणा की थी परंतु 2400 की चिट्ठी भेजी गई यह किसानों के साथ एक बड़ा मजाक है इसके लिए मुझे एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा उसके बाद जिला सचिव कामरेड सुभाष हेंब्रम ने पिछले 3 सालों का राजनीतिक सांगठनिक लेखा-जोखा सम्मेलन में पेश किया जिस पर 19 प्रतिनिधि ने बहस में हिस्सा लिया इस सम्मेलन में कल 50 प्रतिनिधि थे जिसमें 10 महिलाएं और पुरुष थे प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट्स पर गंभीरता से बहस किया और अपनी कमजोरी को दर्शाते हुए आगे 3 सालों में पार्टी के संघर्ष और संगठन का विकास करने का संकल्प लिया सम्मेलन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव लिए गए हैं पहला जिले में आदिम जनजाति संख्या को देखते हुए इसमें सामाजिक राजनीतिक आर्थिक तौर पर काफी गिरावट है के विकास के लिए राज्य सरकार से आदिम जनजाति आयोग के गठन की माँग की गई दूसरा प्रस्ताव दुमका जिला मसानजोर डैम में बाई तरफ कैनाल खोलने की बात करने का प्रस्ताव किया तीसरा प्रस्ताव बड़े पैमाने पर दुमका जिला के अंतर्गत पत्थर एवं कोयला खदानों से हो रहे विस्थापन रोक लगाने चौथा प्रस्ताव पचवारा उत्तरी भाग से को कोयला ढुलाई के कारण बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाई जाए पांचवा प्रस्ताव दुमका रेलवे साइडिंग को अभिलंब हटाया जाए जिससे प्रदूषण पर रोक लगे और पर्यावरण सुरक्षित हो पूरे जिले में कृषि को आगे ले जाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना छह प्रस्ताव दुमका जिले के स्थानीय रैयतों को वर्ग 3 और 4 के पदों पर नियुक्ति करना और इन तमाम बातों पर संघर्षों को आगे ले जाने के लिए फरवरी के अंतिम में दो दिवसीय प्रशिक्षण सिविल किया जाएगा सम्मेलन ने 13 सदस्य जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें दो साथी आमंत्रित किए गए सदस्यों की सूची मे कामरेड सुभाष हेंब्रम देवी सिंह पहाड़िया सनातन देहरी अखिलेश कुमार झा जर्मन डेहरी अमरेश कुमार सिंहा मंसूर अंसारी जलाल राय गोविंद पुजहर रानी सोरेन आशा झा उषा कुमारी विद्यानंद राय अस्थाई आमंत्रित सदस्य कामरेड शाहनवाज धुनाई मरांडी हैं राज्य सम्मेलन 9,10,11 जनवरी 2025 को रांची में होने जा रहा है सम्मेलन में दुमका जिले से 11 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे जिसमें देवी सिंह पहाड़िया सनातन देरी जर्मन डेहरी अखिलेश कुमार झा अमरेश कुमार सिंहा गोविंद पुजहर जलाल राय रानी सोरेन आशा झा उषा कुमारी दो दर्शक राजेश गिरी मंसूर अंसारी यह सभी प्रतिनिधि जिला सम्मेलन में चुने गए हैं समापन भाषण पार्टी के दुमका जिला प्रभारी सचिन मंडल सदस्य कामरेड एहतेशाम अहमद ने अपने समापन भाषण में कहा दुमका जिले में शाखा को काफी मजबूत करना होगा और एक लंबी लड़ाई विस्थापन स्थानीय लोगों को रोजगार देने प्रदूषण को रोकने पर्यावरण की सुरक्षा करने और कृषि के विकास के लिए सुदूर पहाड़ी इलाकों में भी पानी की समस्या के लिए संघर्ष करना इन तमाम बिंदुओं पर हमें मजबूती से आने वाले 3 सालों में जो टास्क लिया गया है इसे पूरा करना है और विधानसभा के लिए भी अभी से तैयारी करनी है मत बहुत कम लाए हैं आने वले 5 सालों में अपने काम और संघर्ष के बल पर मिनिमम एक सीट जितनी है।

न्यूज़ अपडेट

## अंचल अधिकारी की तत्परता से विष्णुगढ़ के पीड़ित परिवार को मिला न्याय


- पीएम आवास आवंटन के बावजूद बिना छत के रहने को थे मजबूर



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के करोंज मोड़ स्थित घटवार टोला में लंबे समय से बिना छत के रहते आ रहे स्व० कल्लू गोस्वामी एवं स्व० मल्लू नाथ गोस्वामी के परिवार के मामले का निपटारा ग्राम सभा के माध्यम से रविवार को किया गया। बता दें कि उक्त परिवार की पीड़िता बसंती देवी पति स्व० अनिल गोस्वामी की जमीन खाता संख्या 104 प्लॉट संख्या 1294 रकबा 2 डिसमिल में पीएम आवास निर्माण कार्य में लखन साव एवं अन्य के द्वारा लगातार बाधा पहुंचाई जा रही थी। समाधान हेतु अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ के पत्रांक 1166 दिनांक 19 दिसंबर 2024 के आलोक में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, चेडरा पंचायत के मुखिया सह अध्यक्ष निर्मल कुमार एवं पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि बाधा पहुंचाये जाने की वजह से पीड़ित परिवार लंबे समय से बिना छत के रहने को थे विवश, बिना छत और पक्के मकान की वजह से ठंड के प्रकोप ने परिवार के दो लोग कल्लू गोस्वामी एवं मल्लू नाथ गोस्वामी की जान भी ले ली। जबकि पीड़ित परिवार के पूर्वज इस भूमि पर तकरीबन 100 सालों से ज्यादा समय से निवास कर रहे हैं एवं बासगीत पर्चा से उन्हें सरकार द्वारा यह भूमि प्रदान की गई है। यहां तक कि उक्त मामले को लेकर आवास के लाभुक ने विष्णुगढ़ थाने में बीते 17 दिसंबर को विष्णुगढ़ थाने प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन भी दिया गया, लेकिन प्राथमिकी तो दूर की बात है उल्टा पुनः थाने के एसआई द्वारा न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी सदर हजारीबाग के यहां धारा 144 वाद संख्या 468/2024 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया। जबकि पूर्व में धारा 144 वाद संख्या 82/17 में अनुमंडल न्यायालय दंडाधिकारी के द्वारा पीड़ित के पक्ष में वाद को खारिज किया जा चुका है। इसके अलावा पीएम आवास की आईडी जेएच1170912 मल्लू नाथ गोस्वामी एवं पीएम आवास की आईडी जेएच1199231 कल्लू गोस्वामी के नाम से आवंटित है। ग्राम सभा के माध्यम से निर्णय लिया गया कि उक्त भूमि रकबा दो डिसमिल पर आवंटित पीएम आवास का निर्माण कार्य किया जाएगा, निर्माण कार्य कार्य सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाएगी एवं विपक्षी के द्वारा बाधा पहुंचाने पर ग्रामीणों द्वारा विष्णुगढ़ थाने से सहयोग हेतु अपील की जाएगी। मौके पर वार्ड सदस्य पूनम कुमारी, उमेश प्रसाद स्वर्णकार, पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, विवेक कुमार, गौतम भारती, अनुराग बर्मन, सुनील कुमार, पप्पू कुमार, जय प्रकाश सिंह पटेल, सुरेश राम, प्रदीप कुमार महतो, माही पटेल, शंकर गोस्वामी, छोटी गोस्वामी, कालो देवी, किरण देवी, आरती देवी, अंजू देवी, यमुना प्रसाद, सरयू साव, राजेंद्र राणा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## झील एरिया में दो लड़के मोबाइल छिनतई करते पकड़े गए





**श्रम बिंदु संवाददाता हजारीबाग ।** हजारीबाग नगर निगम के झील एरिया में मोबाइल छिनतई की घटना में शामिल दो लड़कों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए लड़कों की पहचान शशि कुमार और रोशन कुमार के रूप में हुई है, जो बड़का इरगा, थाना दारू, जिला हजारीबाग के निवासी हैं। लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना तब सामने आई जब पुलिस को गश्ती के दौरान कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कों को मोबाइल छिनतई करते हुए धर दबोचा। घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए। लोहसिंघना थाना कांड संख्या 232/24 के तहत मामला दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चंडी स्थान में लगने वाला मेला इसबार भव्य और आकर्षण होगा

- दिग्वार पंचायत मुखिया - महेंद्र मुर्मू



दारू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पंचायत में स्थित चंडी स्थान मंदिर में मेला की तैयारी को लेकर दिग्वार पंचायत के मुखिया महेन्द्र मुर्मू की अध्यक्षता मे एक बैठक आहूत किया गया । दिग्वार पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू ने बतलाया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के दिन में लगने वाला मेला इस बार काफी भव्य और आकर्षक होगा। पार्किंग की विशेष सुविधा होगी। इस मेले में बहुत दूर दराज से लोग पहुंचते हैं जिसका विशेष ख्याल रखा जाएगा यहां पर जितने भी लोग मेला देखने के लिए आते हैं। सारे लोग पूजा अर्चना करते हैं और अपने उज्ज्वल भविष्य का कामना करते है मनोकामना पूर्ण हो जाने के बाद वह मंदिर में पहुंचकर पूजा पाठ कर मुर्गा एवं बकरा का बलि चढ़ाते है हैं। इस मेले में जिला प्रशासन के साथ साथ मेला कमिटी का भरपूर सहयोग रहता है। इस बैठक में दिग्वार पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू , सागर करमाली, वरुण कुमार कुशवाहा, इंद्र पासवान,कुमार अशोक नारायण सिंह, महेश प्रसाद,मिस्त्री साव, रामचंद्र मुर्मू, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, अनिल पासवान, रामवृक्ष ठाकुर, सुनील मुर्मू,विजय सोरेन,रोहित यादव, महेश पासवान और प्रदीप कुमार पासवान उपस्थित थे।

# पुनाई संकट मोचन धाम में नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुई अन्नपूर्णा देवी

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।**





संकट मोचन मंदिर ट्रस्ट पुनाई के द्वारा रविवार को कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव और चतरा विधायक जनार्दन पासवान का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह की अध्यक्षता पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुछ् और अंगवस्त्र देकर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय बाल विकास मंत्री कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संकट मोचन मंदिर पुनाई को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा देकर मंदिर क्षेत्र के विकाश करने का प्रयास किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री ने अभिनन्दन समारोह के आयोजन करने के किये ट्रस्ट के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि दारु, टाटीझरिया और ईचाक क्षेत्र के लोगों का भरपुर प्यार और सहयोग मिलता रहा है जिसके लिए वह क्षेत्र की जनता कि सदा आभारी रहेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 37 करोड़ की लागत से तिलैया डेम के सुंदरीकरण और राजधनवार मे केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिली है। जनता के सहयोग से इस पूरे क्षेत्र का विकाश किया जायेगा। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी 470 बूथ क्षेत्रों की जनता का विकाश जाति , धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर करेंगे। खैरा, कर्मा, लुंदरू, पुनाई से झुमरा तक 14.5 किलोमीटर सडक का निर्माण 19.5 करोड़ की लागत से होगा जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। बेडमक्का , झरपो, खैरा से अमनारी तक सडक का भी निर्माण जल्द होगा। चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि ईचाक क्षेत्र से उनका पुराना नाता और लगाव रहा है। इस अभिनन्दन समारोह मे उन्हे आमंत्रित करने के लिए विधायक ने संकट मोचन ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा सब मिलकर कोडरमा और चतरा क्षेत्र का विकाश करेंगे। इस कार्यक्रम मे आनंद देव,हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, अजीत कुमार, अश्विनी कुमार देव, गौतम नारायण सिंह, उप प्रमुख कौशल्या देवी, रमेश सिंह राजकुमार राम , दीना यादव ,भुनेश्वर पटेल इचाक पश्चिम के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत बक्शी ,राजन सिन्हा , रौशन सिन्हा , रजनीश कुमारी, सुभाष सोनी ,गौतम देव, दीपक देव ,गोपाल देव, आदि मौजूद थे। मंच का संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह ने किया ।

## पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है मुरली पहाड़ की मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता

### देखते ही बनती है मुरली पहाड़ के चट्टानी पठार- शिवलिंग मंदिर

**बड़कागांव।**



दिसम्बर-जनवरी महिना में जमकर पिकनिक मनाई जाती है। सैलानियां पिकनिक के लिए अच्छी जगहों पर जातें हैं। पर्यटक के लिए हजारीबाग जिला के अंतर्गत में एक से बढ़कर एक आकर्षण पर्यटक स्थल है। लेकिन सैलानियों के लिए सबसे अच्छा बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर नापोखुर्द स्थित मुरली पहाड़ है। मुरली पहाड़ की खासियत यह है कि मुरली पहाड़ चट्टानी पठार पर स्थित है जो चट्टानी पठार 55- 60 फीट ऊंचाई तथा 400-450 मीटर उकरैली चट्टान फैला हुआ तथा चट्टानों के बीच कई पतली नाला बहा हुआ है। जो सैलानियों के लिए पिकनिक मनाने के आकर्षित करता है। बता दें कि मुरली पहाड़ फैली उकरैली चट्टान पर विभिन्न प्रकार के पत्थर में भगवान के प्राचीन काल के मूर्तियां अवस्थित है, जो लोगों के लिए सोचनो को मजबूर करता है। मुरली पहाड़ में 50 फीट उंचा भगवान शिव जी का मंदिर स्थापित किया गया है। मंदिर के उपर शिवलिंग मनमोहक है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आतें हैं। तथा मुरली पहाड़ में पिकनिक मनाने के लिए दिसंबर-जनवरी माह में लोगों के भीड़ जमावड़ा लगा रहता है। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर हर वर्ष 14 जनवरी को मेला का आयोजन किया जाता है मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं यूपी बिहार के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा दर्शकों के मनोरंजन के लिए किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाने में पूजा समिति के संयोजक रहे चंदर साव उर्फ चंदर भाई का भूमिका सबसे सराहनीय देखी जाती है। मेला देखने के लिए हजारीबाग जिला के पड़ोसी जिला एवं प्रखंडों से जैसे रामगढ़ , रांची, टंडवा पतरातु, गिदी, डाड़ी चुरचू, केरेडारी, कोडरमा इत्यादि जिलों से लोग हजारों हजार की संख्या में पहुंचते हैं।

## एनएच 522 में मरम्मती के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है

### भेलवारा से विष्णुगढ़ के बीच के सड़क निर्माण की स्थिति बदहाल

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



हजारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 से लंबे समय से आवागमन करने वाले लोग परेशान चल रहे थे। एक तरफ गड्ढों से भरी सड़क तो दूसरी ओर फोर लेन की आस थी। आवागमन करने में वाहन से लेकर शरीर तक अस्त व्यस्त करने के बाद आखिरकार मरम्मती का कार्य शुरू हुआ, लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन यह मरम्मती भी कैसी, उक्त मार्ग में भेलवारा से विष्णुगढ़ तक केवल पुरानी सड़क को पतली पिचिंग से ढकने का कार्य किया जा रहा है। बेहतर तरीके से ध्यान आकृष्ट की जाए तो कई जगह सड़क ऊबड़ खाबड़ मिलेंगे, कही ऐसा दृश्य देखने को मिलेगा मानो नई सड़क के नाम पर चिप्पी लगा दिया गया हो। निर्माण कार्य तो मजाक की दास्तान तब बयान करने लगा जब एक जगह सड़क ढालने के बाद भी पुरानी सड़क की सफेद पट्टी देखने को मिली। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस गुणवत्ता से इस सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लीपापोती करते करते सबूत छोड़ जाने का यह अनोखा दृश्य है। अनुमान लगाए तो एक भारी वर्षा और सड़क अपनी खोखले निर्माण की असल कहानी बयान करने लगेगी। बहरहाल अभी तक इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया है, ऐसे खोखले निर्माण कार्य का केवल एक ही अर्थ है, जनता को लॉलीपॉप देकर बेवकूफ बनाना। उक्त निर्माण कार्य की विभाग द्वारा विशेष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है, साथ ही कार्य करवा रहे लोगों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की भी आवश्यकता है ताकि भविष्य में गुणवत्ता का ध्यान बखूबी रखा जाए।

## पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

**बड़कागांव।**



बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गई की दिनांक - 26.11.2024 को थाना पर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ कि गिद्दी सी कोलियरी में दिनांक - 25.11.2024 को समय करीब 01.00 बजे लाल रंग के अपाची मोटरसाईकिल से दो अज्ञात अपराधी आये और श्याम सुन्दर पाण्डेय को धमकाते हुए बोला गया कि काम बंद करो। ग्रुप से बात किये बिना काम चालु करोगें तो अंजाम बुरा होगा और हथियार लहराते हुए भाग गये। इस संबंध में गिद्दी थाना कांड सं0 99/24 दिनांक 26.11.2024 धारा - 308(4)/308(5)/ 61 (2) बीएनएस के तहत कांड अंकित किया गया। इस कांड का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा उपलब्ध साक्ष्य एवं पतरातु थाना के सहयोग से इस कांड में शामिल (1.) सुजित कुमार गोस्वामी उम्र 27 वर्ष पिता स्व० नंदलाल गोस्वामी सा० हाथीडाड़ी। (2.) विक्की राम उम्र 26 पिता राजदेव राम सा०- सयाल पिपल सेन्टर । एवं (3.) अमोद कुमार गुप्ता उम्र 25 वर्ष पिता स्व. अरुण कुमार गुप्ता सा० जवाहर नगर, भुरकुंडा, जिला - रामगढ़, तीनों को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा बताया गया कि हजारीबाग जेल में बंद अमन श्रीवास्तव के द्वारा इस पूरी कांड का प्लानिंग किया गया था। तथा अमन श्रीवास्तव के लोगों के द्वारा ही इस घटना को कारित करने में लाल रंग का बाईक और हथियार उपलब्ध कराया गया था । विक्की राम और सुजित कुमार गोस्वामी बाईक लेकर घटनास्थल में गये तथा अमोद कुमार गुप्ता को रेकी करने के लिए रिभर साईड में रखा। चुकिं घटना के बाद इसी रास्ते से भागना था। इस घटना के बदले अमन श्रीवास्तव के लोगों के द्वारा इनलोगों को 25000-/ रूपया देने कि बात बोला गया था। घटना के दिन विक्की राम एवं सुजित कुमार गोस्वामी द्वारा पहने हुए जैकेट को बरामद किया गया है। अब तक के अनुसंधान में इस कांड का मुख्य कारण लेवी लेने को लेकर घटना करने की बात प्रकाश में आया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद समानों का विवरण :- अभियुक्त विक्की राम द्वारा घटना के समय पहना हुआ स्वेटर, अभियुक्त सुजित कुमार गोस्वामी द्वारा घटना के समय पहने हुए जैकेट एवं घटना के समय का सी०सी०टी०भी० फुटेज। छापामारी टीम में शामिल पुलिस कर्मी :- पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागाँव, कुन्दन कुमार, थाना प्रभारी गिद्दी थाना, पु०अ०नि० कुमार आश्विनी, गिद्दी थाना एवं गिद्दी थाना रिजर्व गार्ड के 1. हव0 इन्द्रदेव मोची।

## शैक्षणिक भ्रमण से वास्तविक परिस्थिति का अनुभव मिलता है : डॉ सुकल्याण मोइत्रा

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।**



विभावि राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए जोन्हा फॉल। इस संबंध में डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बतलाया कि शिक्षा का एक आयाम पर्यटन शिक्षा भी होता है। पर्यटन से प्रकृति के दृश्य रूप का अवलोकन होता है। जिससे ज्ञान का विस्तार होता है। प्राचीन काल की शिक्षण पद्धति में विजुअल पर अधिक फोकस किया जाता था। आज की आधुनिकतम शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थी वर्ग को प्रकृति से जितना जोड़ा जाएगा। उतना ही उनके कौतुहल में अधिकाधिक वृद्धि होगी। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को जलप्रपात के बीच ले जाकर नदियों के उद्गम, पारिस्थितिक तंत्र, पर्यावरण का जीवन पर प्रभाव सहित कई विषयों के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा कई प्रकार की वनस्पतियों के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस संबंध में डॉ अजय बहादुर सिंह ने बताया कि भारत की सबसे खूबसूरत जलप्रपातों में शुमार जोन्हा फॉल एक शानदार झरना है. यहां 43 मीटर की ऊंचाई से गिरता पानी काफी आकर्षक नजर आता है. यह जगह न केवल एक पर्यटन स्थल के रूप में बल्कि तीर्थ स्थल के रूप में भी मशहूर है. माना जाता है कि गौतम बुद्ध ने जोन्हा फॉल में आकर स्नान किया था और ध्यान लगाया था, इस कारण इसे गौतमधारा भी कहा जाता है. जोन्हा में बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रतीक मौजूद हैं जिसमें पहाड़ी के ऊपर स्थित प्राचीन बुद्ध मंदिर भी शामिल है. यह जगह बौद्ध धर्म के लोगों के लिए तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात है. डॉ प्रमोद कुमार ने बतलाया कि पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थियों को जिन विषयों की जानकारी दी जाती है, शैक्षणिक भ्रमण से वह वास्तविक परिस्थिति से परिचित होते हैं. छात्रों की आलोचनात्मक सोच विकसित होती है।आपसी सहयोग की भावना बढ़ती हैं। बच्चों के मानसिक विकास होता है। विद्यार्थी को ज्यादा लाभ मिलता है। वहीं, रुखसाना बानो ने बतलाई की शैक्षणिक कार्यों में भ्रमण का विशेष महत्व है।इससे विद्यार्थियों को स्थलों पर जाकर विभिन्न विषयों को सूक्ष्मता से अवलोकन करने का मौका मिलता है। विद्यार्थियों में ज्ञान की वृद्धि होती है। साथ ही विद्यार्थियों ने इस भ्रमण में पिकनिक (वनभोज) का भी आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण में कई शिक्षक राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाअध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा, डॉ प्रमोद कुमार,डॉ अजय बहादुर सिंह, रुखसाना बानो, महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रवि कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार यादव के साथ कई विद्यार्थी रंजीत कुमार पंडित,वीरेंद्र शर्मा,सागर कुमार, शिव कुमार ,नरेश हेमरोम,राजन कुमार , पीयूष कुमार,प्रवीण कुमार, आंचल सिंह,तृप्ति कुमारी, सुहानी कुमारी,विद्या कुमारी, सोनल सिंह, निशु कुमारी, लुबना आरफीन, प्रतिमा कुमारी,कुमारी गंगादास, लक्ष्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, किरण कुमारी और कई अन्य विद्यार्थी शामिल थे।

# बीडीएसएलसीटी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय आचार्य, आचार्या, सेवक, सेविका सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित

### 10 विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा 132 आचार्य, सेवक, सेविका थे उपस्थित

**घाटशिला।**






बीडीएसएलसीटी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर घाटशिला विद्यालय में संकुल स्तरीय आचार्य आचार्या सेवक सेविका सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण जैन उपाध्यक्ष धर्मेश चौहान सचिव प्रवीण कुमार अग्रवाल समिति सदस्य डॉक्टर सुनीता देवदूत सोरेन ,राजा कर्मकार उदय शंकर प्रसाद, गीता मुर्मू ,सुदामा सिंह तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व वायु सेवा अधिकारी शौर्य चक्र विजेता मोहम्मद जावेद , रंजीत ठाकुर सुरेश चौहान, बागबेड़ा विद्यालय के सचिव डॉक्टर कविता परमार प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस संकुल स्तरीय कार्यक्रम में कुल 10 विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा 132 आचार्य, सेवक, सेविका उपस्थित थे ,इस कार्यक्रम में अलग-अलग प्रकार के प्रतियोगिताएं तथा कार्यक्रम की विशेषता पर एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न किया गया, इस कार्यक्रम में घाटशिला विद्यालय के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख लखन लाल करमाली ,प्रधानाचार्य चाकुलिया विद्या मंदिर के कमलाकांत प्रमाणिक कोकपाड़ा विद्या मंदिर के तापस पात्रा, खंडामोदा के प्रधानाचार्य तपन आचार्य रंगुनिया विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय भंडारी बहरागोड़ा के प्रधानाचार्य जगन्नाथ कुइला पावड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य अनीता दे ,पिपला के प्रधानाचार्य लीना भगत मोलीशोल के प्रधानाचार्य बैजनाथ दास विशेष रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित थे, इस कार्यक्रम के माध्यम से जो भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी सभी कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान को अलग-अलग विद्यालय ने प्राप्त किया सभी को पारितोषिक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संकुल के आदर्श आचार्या के रूप ललिता रानी साव, शर्मिला मार्डी को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय मे चल रहे रोबोटिक्स लैब का भी अथितियों ने अवलोकन किया, रोबोटिक्स के सुब्रत महापात्र ने विभिन्न प्रोजेक्ट की जानकारी दिया।

न्यूज अपडेट

## जेएलकेएम की चैनपुर पंचायत कमिटी का हुआ गठन



**डुमरी।** जेएलकेएम झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को कसमाकुरहा मैदान में हुई।अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अमित महतो ने किया।मौके पर डुमरी प्रखण्ड कोषाध्यक्ष जितेन्द्र महली, रोहितचंद चौधरी,पंकज पटेल पूर्व मुखिया रामप्रसाद महतो रामु आदि उपस्थित थे।बैठक में जेएलकेएम की चैनपुर पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें राहुल महतो को अध्यक्ष उमेश महतो,प्रकाश महतो,
सोनू कुमार,सोहन महतो,सुनील महतो को उपाध्यक्ष,दीपक महतो को सचिव, जगदीश महतो,राजेन्द्र तुरी, महाबीर महतो,छेदी तुरी एवं झारखंडी महतो को सह सचिव बिनोद महतो को कोषाध्यक्ष शंकर पटेल,नरेन्द्र महतो को मीडिया प्रभारी जबकि शंभूशरण सिंह, मोहन,बासुदेव महतो,बालदेव महतो को संरक्षक बनाया गया।

## आदिवासी समुदाय ने संथाली भाषा विजय दिवस मनाया



**डुमरी।** सरना समिति डुमरी द्वारा आज रविवार को जामतारा पंचायत के डुमरी बेरमो रोड समीप करिहारी पहाड़ी की तलहटी स्थित मांझी थान में संथाली भाषा विजय दिवस मनाया गया।मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सिद्धो मुर्मू के नेतृत्व में 22 दिसम्बर 1855 ईस्वी में संथाल परगना विजय हुआ और सालखन मुर्मू के नेतृत्व में 22 दिसम्बर 2003 में संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। इस उपलक्ष्य में सरना समिति डुमरी द्वारा बीते कई वर्षों से संथाली भाषा विजय दिवस मनाया जाता रहा है।इस दौरान समाज में शिक्षा पर जोर देने,सामाजिक कुरीतियों को दूर करने,समाज की एकता को मजबूत करने पर चर्चा की गई।इसके पूर्व मांझी थान में पूजा अर्चना कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया।साथ ही शहीद सिद्धू कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।मौके पर बजल हेम्ब्रम,सुगन बेसरा,देवचंद हांसदा,हिरालाल टुडू,अरविन्द टुडू,शान्ति सोरेन,राजेन्द्र सोरेन,सनु बेसरा,अजय हांसदा,मनोज सोरेन,संतोष बेसरा,रामविट मुर्मू,राहुल सोरेन,बसन्ती टुडू,संध्या मुर्मू,हीरामुनि सोरेन,निर्मला हांसदा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कठपुतली नाच के माध्यम से आदिवासियों के जीवन गाथा का किया गया चित्रण





**निरसा।** डुमरकुंडा उत्तर पंचायत क्षेत्र के बाउतीडीह बस्ती में सोलह आना कमेटी की ओर से कराम विनती (रस्क कराम) का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल के काशीपुर हुरा के गुरु बाबा भीम सेन हेंब्रम के नेतृत्व में आदिवासियों की श्रृष्टि से लेकर अबतक के सफरनामा, परंपरा, वेषभूषा, रीति-रिवाजों आदि को कथपुतली (पुतुल) नाच के माध्यम से चित्रण किया। उद्घाटन विधायक अरुप चटर्जी ने किया। इससे पहले बुढ़ा-बुढ़ी थान में करम डाली को गाड़ कर घी के दीपक जलाया गया। जो रात भर जलता रहता है। बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में सुख शांति, समृद्धि की कामना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सोहराय पर्व पर अब गोवर्धन पूजा की जाएगी। अप्रिय घटना हो जाने के कारण पिछले पांच वर्षों से बंद था। पारंपरिक वेषभूषा में आदिवासी महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत आदिवासी परंपरा के अनुसार किया गया। निरसा, केलियासोल और एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, मुखिया रंजीत पासवान, अजय पासवान, रामनाथ सोरेन, गोपिन टुडू, सुनील टुडू, अजीत मरांडी, शिव मरांडी, विभूति भूषण हांसदा, फागुराम टुडू, राम सोरेन, सोना टुडू, शमीम अंसारी, बादल मरांडी, ओपेन टुडू, नुनूलाल टुडू, थोमस मरांडी, दिलीप मरांडी, हरिदास मरांडी, बूधन टुडू, सोकोल सोरेन, धजाधर हांसदा, सुबोध टुडू, पवन माझी, राजेंद्र पासी, बीरेंद्र अटल, मनोज कुमार, अखिलेश सिंह आदि थे।

## ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा संगठन द्वारा जरासंध महोत्सव

**गिरीडीह।** ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा संगठन का एक कार्यक्रम रविवार को स्थानीय सर्कस मैदान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम जरासंध महोत्सव के रूप में मनाया गया एवं शोभा यात्रा निकाला गया जो कि सर्कस मैदान से होते हुए कालीबाड़ी चौक मकतपुर चौक जरासंध भगवान चौक होते हुए सर्कस मैदान पहुंची तथा उसके बाद सभा को संबोधित किया गया। मुख्य रूप से मुख अतिथि अमित चंदेल एवं तमाम लोग पहुंचे।जिला अध्यक्ष अरविंद चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सभा को सुचारू रूप से किया गया। साथ में प्रदेश अध्यक्ष भीम रवानी और संरक्षक के रूप में अजीत कुमार पप्पू एवं तमाम प्रखंड के अध्यक्ष मंटु राम प्रसाद राम संजय राम मिथिलेश उस बबलू रवानी सतीश चंद्रवंशी अनूप चंद्रवंशी दिनेश राम विक्रम चंद्रवंशी विकास राम सुरेश राम तमाम लोग पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए ।



# हत्यारों को फांसी की सजा की मांग को ले ग्रामीणों का प्रदर्शन

## उग्र ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम,भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात

श्रमबिन्दु।



**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कबरीबाद चुंजका में शनिवार को धारधार हथियार से प्रहार कर दामोदर यादव नामक युवक को घायल कर दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान धनबाद में मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद लोग आक्रोशित हो गए। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मुफस्सिल थाना के समीप पहुंचकर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग करने लगे।
लोगों के आक्रोश को देखते हुए मुफ्फसिल थाना के समीप एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी नीरज कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद मौजूद है और भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात हो गए। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन सभी आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया।
लेकिन लोग किसी की बात मानने को तैयार नहीं थे और भारी विरोध प्रदर्शन मुफस्सिल थाना के समीप कर रहे थे।
आपको बता दें कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कबरीबाद माइंस के समीप चुंजका के रहने वाले दामोदर यादव नामक व्यक्ति की कल देर शाम को 20 से 25 युवकों ने मिलकर धारदार र हथियार से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल से ही दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया था और फिर अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर 9 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। दामोदर यादव की हत्या के आक्रोशित लोग सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाएं व युवतियाँ भी शामिल रहीं।
वहीं इस घटना की सूचना पर डुमरी विधायक जयराम महतो भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस प्रशासन से वार्ता की।उन्होंने कहा कि आजकल मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है,लोग छोटी छोटी बातों को लेकर हिंसक हो जा रहे हैं। बताया कि पुलिस अधिकारियों से वार्ता सफल रही है।

## पुलिस ने 6 पेशेवर अपराधियों को किया गिरफ्तार

श्रमबिन्दु।




**गिरीडीह।** पुलिस अधीक्षक,गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बरहसमिया कोडरमा मुख्य सड़क के किनारे घुज्जी जंगल के आसपास कुछ अपराधी एकत्रित हुए है तथा किसी बड़ी घटना को कारित करने की योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन तथा अग्रिम कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,बगोदर सरिया एवं पुलिस निरीक्षक,सरिया अंचल के नेतृत्व में थाना प्रभारी बिरनी,थाना प्रभारी राजधनवार एवं अन्य पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ घुज्जी जंगल पहुंचे तो पुलिस बल को देख अपराधी भागने लगे जिन्हें दौड़कर पकड़ा गया।
पकड़े गये सभी अपराधियो से बारी बारी से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम मो समीर अंसारी,पिता मो नसीरूद्दीन अंसारी, मिराजुउद्दीन अंसारी उर्फ राजा,पिता महफूज आलम उर्फ हलीम अंसारी दोनो साकिन लालबाजार,रेहान अंसारी,पिता मिनहाज अंसारी साकिन ममअहरी, रिजवान अंसारी, पिता मुमताज अंसारी साकिन लालबाजार, चारो थाना धनवार,फनीभूषण साव, पिता नकुल साव, शिबू साव,पिता गोविन्द साव, दोनो साकिन जितकुण्डी, थाना बिरनी जिला गिरिडीह बताए। सभी पकड़े गये अपराधियों के तलाशी लेने के क्रम में मो समीर अंसारी तथा मिराज्जुदीन अंशारी उर्फ राजा के कमर से एक-एक देशी कट्टा बरामद हुआ । सभी गिरफ्तार अपराधियों से पूछने पर सभी ने यह स्वीकार किया कि ये सभी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी मे थे। इसके अलावे एक लाल रंग का बिना नंबर प्लेट का अपाचे मोटर साइकिल, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन एव दो सिम कार्ड को जप्त किया गया। जिसके उपरांत थाना प्रभारी बिरनी के स्वलिखित बयान के आधार पर बिरनी थाना कांड सं 226/24 दिनांक 22.12.2024 धारा 310(4,5) भान्यासं एवं 25(1बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।
पकडे गये उक्त अपराधियों से कडाई से पूछताछ करने पर मो समीर अंसारी ,मिराजुउद्दीन अंसारी उर्फ राजा,फनीभूषण साव, शिबू साव सभी ने स्वीकार किए कि दिनांक 01.12.2024 को बिरनी थाना अंतग्रत बिरजापुर पडरिया जाने वाली मुख्य सड़क पर हथियार दिखाकर एक व्यक्ति से मोबाईल एवं अपाची मोटरसाईकिल लूटपाट इन्ही लोगो के द्वारा किया गया था।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**निरसा।** बुटबाड़ी स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच स्पून रेस, उंची व लंबी कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं हुई। महिला अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर भी हुआ। अव्वल रहे छात्र छात्राओं को विधायक अरुप चटर्जी ने प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरुरी है। खेलकूद में भी अपना करियर बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को झारखंड सरकार ने नौकरी देने का घोषणा किया है। संचालन देवंती कुमारी, सविहा नाज ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर निदेशक विवेक सिंह, प्राचार्य संजीव साव, शुभाशीष कर, प्रफुल्ल झा, सुरेन्द्र मिश्रा, प्रफुल्ल झा, विमल शर्मा, अनिता शर्मा, सौम्या पांडेय, वैशाली पांडेय, खुशबू, कोमल आदि थे।

## डिजिटल ऐप के माध्यम से केस का होगा अनुसंधान : एसडीपीओ



**निरसा।** मैथन एसडीपीओ कार्यालय में रविवार को निरसा अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के लिए सीसीटीएनएस एप का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस पदाधिकारीयों को सीसीटीएनएस (डिजिटल ऐप) के माध्यम से केस अपलोड एवं अनुसंधान करना शामिल है। आने वाले दिनों में हर अनुसंधानकर्ता पदाधिकारी को केस का डिटेल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर अनुसंधान करना होगा। जिससे कि उनके वरीय पदाधिकारी भी केस का मॉनिटरिंग कर सकें। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने कहा कि डिजिटल ऐप के माध्यम से केस का निष्पादन एवं अनुसंधान में गतिशीलता आएगी। पारदर्शी तरीके से केस का निष्पादन होगा। मौके पर निरसा चिरकुंडा अंचल के सभी थाना प्रभारी ओपी प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## गायत्री परिवार से जुड़ी सदस्या के निधन पर शोक

श्रमबिन्दु।



**डुमरी।** विवाह के उपरांत बेटी की विदाई की बेला में कौन-सी ऐसी आंखे होगी जो नम न हुई होंगी। रविवार की सुबह तोपचांची के दिवंगत समाजसेवी डोमन साव की पुत्री 72 वर्षीया वीणा देवी का पार्थिव शरीर जब घर के बाहर रखा गया तो रिश्ते-नाते,पड़ोसी और पहचान वालों की आंखे श्रद्धा से झुक गई।एक बार फिर से लोगों के आंखों में दिवंगत समाजसेवी डोमन साव की उदार छवि उभर आयी।वीणा देवी पति स्व दुर्गा प्रसाद नायक का निधन शनिवार दिन पौष कृष्ण षष्ठी को अपराह्न तीन बजे हो गया।वीणा देवी कुछ दिनों से बीमार थीं।वीणा देवी तोपचांची गायत्री परिवार की सम्मानित एवं श्रद्धेय सदस्य थी। रामायण और गीता का सुमधुर पाठ उनकी दिनचर्या थी।हर किसी की सेवा में तत्पर रहने वाली वीणा देवी स्वच्छता प्रेमी महिला थी।सभी के सुख और दुख मे शामिल होने वाली दिवंगत वीणा देवी समाजसेवी डोमन साव की उदार विरासत को आगे बढ़ाया था।भतीजे अश्विनी कुमार ने मुखाग्नि दी।मुकेश कुमार,गुड्डू एवं पन्नालाल ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पुत्रत्व भाव से सम्पन्न किया।बेटा,बेटी,दामाद सभी अपनी मां के जाने से दुखी थे किंतु उनके कर्मों ने उनका सिर गर्व से उंचा कर दिया था।समाज के कई गणमान्य लोगों ने दिवंगत वीणा देवी (इन्दु देवी) को श्रद्धांजलि दी और अंतिम यात्रा में शामिल हुए।वासुदेव साव,मुरलीधर गुप्ता,प्रो मोहनलाल प्रसाद,महेश प्रसाद,धर्मेन्द्र साव,सीताराम साव,राधा नाथ साव,गोविन्द साव,गोपाल साव समेत क्षेत्र के आम और खास ने दिवंगत वीणा देवी को श्रद्धांजलि दी।

## गोमिया काली मंदिर संचालन समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच 151 कंबल का वितरण किया



गोमिया, गोमिया काली मंदिर के प्रांगण में रविवार को मंदिर संचालन समिति द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए 151 जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संचालन समिति के सचिव प्रदीप रवानी ने बताया कि यहां प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में मंदिर संचालन समिति द्वारा बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है और आगे भी किया जाएगा। मौके पर मंदिर संचालन समिति के संरक्षक डॉ सुरेंद्र राज, अध्यक्ष जगदीश स्वर्णकार, सचिव प्रदीप रवानी सहित विपिन कुमार, किशोर साव, आदित्य पांडेय, बसंत जायसवाल, धनेश्वर साव, मोहन कुमार,अनिल स्वर्णकार, केदार रवानी, विनोद अग्रवाल, किशोरी ठाकुर, सुखदेव साव, सुनील चौधरी, पंकज पांडे आदि उपस्थित थे।

## चिरकुंडा के राशन दुकान में तीन लाख चोरी



**निरसा।** चिरकुंडा- पंचेत रोड स्थित राशन दुकान में शनिवार की रात को तीन लाख रुपए नगद चोरी हो गई। चोरों ने दीवार और छत के एस्बेस्टस को काट कर घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी दुकानदार मनोज अग्रवाल ने चिरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। दुकानदार ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार की रात को वह दुकान बंद कर अपना घर चला गया। रविवार के सुबह दुकान खोला तो आंखें फटी रह गई। चोरों ने दुकान के पीछे का दीवार और छत का एजबेस्टर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान में रखे कोई भी समान नहीं ले गया है। सिर्फ दो गल्ला को तोड़कर व काटकर उसमे रखे तीन लाख रुपए नगद चोरी कर लिया।

# पुलिस को छापामारी में मिली बड़ी कामयाबी

श्रमबिन्दु।

**अवैध शराब बनाने के लिए रखी 280 गैलन स्प्रिट बरामद**



**गिरीडीह।** गिरीडीह के तिसरी में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। दूसरे दिन भी गजवाकुरा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने के लिए रखी गई स्प्रिट बरामद किया गया।
तिसरी थाना क्षेत्र के गजवाकुरा गांव में जहां एक दिन पहले एक घर में प्रशासन और उत्पाद विभाग ने संयुक्त छापेमारी कर 280 गैलन स्प्रिंट बरामद किया था।
इस गोरखधंधे का तार गोल्डन फ्यूचर पब्लिक स्कूल से जोड़ा जा रहा है।
तो वहीं दूसरे दिन भी वहीं से कुछ ही दुरी पर स्थित दूसरे घर में छापेमारी कर लगभग 200 गैलन स्प्रिट बरामद किया गया। स्प्रिट के अलावे यूरिया, कीटनाशक एक रस्सा भी बरामद किया गया।जिस घर से यह बरामद हुआ है वहां एक मुर्गी शेड बताया जा रहा है।
इस संबंध में बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है।
लगभग 200 गैलन कच्चा स्प्रिट जब्त किया गया है।उन्होंने इस मामले में खिजुरी के उपेंद्र साव का नाम आने की बात कही है।
उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भी स्कूल में अवैध शराब बनाने की सुचना प्राप्त हुई थी, वहां छापेमारी की गई लेकिन उससे पहले ही धंधेबाजों ने उसे वहां से हटा दिया था। इसी क्रम में स्कूल परिसर में रखे भारी मात्रा में अवैध माइका जब्त किया गया साथ ही वहां से हटाकर गजवाकुरा में रखे स्प्रिट को भी जब्त किया गया। साथ ही अवैध शराब की भट्टी भी ध्वस्त की गई।
उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो पुलिस- प्रशासन को सूचित करें।
वहीं इस संबंध में उपेंद्र साव से फोन पर पक्ष लिया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें फंसाने की साजिश की जा रही है, इस कारोबार से उनका कोई लेना देना नहीं है।
बहरहाल प्रशासन और उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है,तो वहीं कार्रवाई लगातार जारी है।
कार्रवाई में बीडीओ मनीष कुमार, सीओ अखिलेश्वर प्रसाद, उत्पाद विभाग के एसआई रवि रंजन, महेंद्र देवगम,थानाप्रभारी रंजय कुमार समेत पुलिस व उत्पाद कर्मी शामिल थे।

# प्रजापति समाज के अध्यक्ष बने पत्रकार दीपक राज

- **लातेहार के बरवाडीह में प्रजापति सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न**



**लातेहार/** लातेहार में बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत अहिरपुरवा ग्राम के सामुदायिक भवन में रविवार को प्रजापति सम्मलेन सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। इस सम्मेलन में समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य समाज के सदस्यों के बीच एकता, सहयोग और विकास की भावना को मजबूत करना था। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार और समाज के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के नेताओं ने इन विषयों पर ठोस रणनीतियां बनाने और उन्हें धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।
इस बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र के तेज़ तर्रार पत्रकार दीपक राज को प्रजापति समाज का अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही उपेंद्र प्रजापति को सचिव, कमलेश प्रजापति को कोषाध्यक्ष और भोला प्रजापति को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जितेंद्र प्रजापति को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया।
इन पदाधिकारियों ने समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग का प्रण लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक राज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजापति समाज की उन्नति के लिए सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग और भागीदारी आवश्यक है। हम समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार उचित प्लेटफार्म पर रखकर कराने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अगली बैठक में संगठन का विस्तार किया जाएगा। समाज ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने नई कमेटी के गठन के प्रस्ताव का स्वागत किया और इसे समाज के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि दीपक राज और उनकी टीम के नेतृत्व में प्रजापति समाज नई ऊंचाइयों को छुएगा।
इस बैठक में मुख्य रूप से अधिवक्ता सुनील प्रजापति, संजय कुमार, महेंद्र प्रजापति,भोला प्रजापति, कमलेश प्रजापति,संजय प्रजापति,प्रमोद प्रजापति, तुलसी प्रजापति, रामनाथ प्रजापति,बिहारी प्रजापति, पवन कुमार,अंकित कुमार, प्यारी प्रजापति,अनिल कु.प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, सुनील प्रजापति, महेश प्रजापति,जितेंद्र प्रजापति, अंबिका प्रजापति, राजदेव प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति समेत प्रजापति समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

न्यूज़ अपडेट

## क्रिकेट खिलाड़ियों से मारपीट कर मारुति कार से भाग रहे भागने के क्रम में खरखरी फोरलेन सड़क मार्ग किनारे अनियंत्रित होकर कार पलटी खाई,

- दो युवक आंशिक रूप से जख्मी ,
- पकड़ा गया पांच युवक में दो युवक पुराने मामले के वारंटी निकला

**श्रमबिंदु /धनबाद** । महुदा तेलमोच्चो में क्रिकेट खेल रहे युवको के बीच जमकर मारपीट हुई।मारपीट सिजुआ व फुलारीटांड़ खटाल के युवको के बीच किसी बात को लेकर हुआ था।जहां फुलारी टांड़ खटाल के युवको ने क्रिकेट बेट जबरन लेकर वहां से महुदा फोरलेन होते हुए निकल गया।इस दौरान खिलाड़ी युवको ने सौ नंबर में डॉलिंग कर घटना की सूचना दे दिया।इधर फुलारीटांड़ के युवको ने मारुति वाहन मधुबन थाना क्षेत्र के नारायण धौड़ा के समीप महुदा राजगंज फोरलेन सड़क पर अनियंत्रित हो कर सड़क के नीचे जा कर सौ फीट की दूरी में पल्टी होकर क्षतिग्रस्त हो गया।मामले की जानकारी के बाद मधुबन थानेदार पीकू प्रसाद ने खरखरी से पांचो युवक को हिरासत में लिया।बाद में युवकों की पूछताछ व पहचान के बाद पुराने मामले के दो वारंटी निकला। जिसका नाम फुलारीटांड़ के मुन्ना यादव व संजीत यादव बताया जा रहा है।

## द्वितीय श्री श्याम महोत्सव का हीरापुर में आज भव्य आयोजन ,

- बंगाल बिहार राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ से आएंगे श्याम भक्त




**धनबाद**। 23 दिसंबर को श्री श्याम ध्वजा यात्रा हीरापुर द्वितीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन हीरापुर के चिल्ड्रन पार्क में आयोजित होगा। कार्यक्रम में 5 हजार श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बाधारहित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है साथ ही आकर्षक दरबार भी तैयार हो रहा है।प्रेस कॉन्फ्रेस में मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालू छप्पन भोग के साथ भक्ति के सागर में गोते लगाएंगे।जाने माने भजन गायक राज पारिख एवं रेशमी शर्मा के साथ धनबाद के स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपने भजनों से श्याम भक्तों को भक्ति की सागर में सराबोर करेंगे।कार्यक्रम में न सिर्फ धनबाद बल्कि आसपास के जिलों के साथ-साथ बंगाल बिहार राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ समेत कई जगह से श्याम भक्त यहां पहुंचेंगे।श्याम भक्तों के लिए प्राथमिक उपचार एवं शौचालय के साथ जूता चप्पल स्टॉल आदि की भी व्यवस्था रहेगी। पर्याप्त मात्रा में वालंटियर तैनात रहेंगे ताकि किसी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

## चोरों ने चिरकुंडा के राशन दुकान में की 3 लाख रू की चोरी



**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, चिरकुंडा- पंचेत रोड स्थित मनोज अग्रवाल के राशन दुकान में चोरो ने दीवार व एडबेस्टर काट कर दुकान के गल्ला से 3 लाख रू की चोरी कर ली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।
राशन दुकान मालिक मनोज अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की रात्रि में वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। जब वे रविवार सुबह दुकान आकर खोला तो देखा कि चोरों ने दुकान के पीछे का दीवार व एडबेस्टर तोड़ दिया गया है और अंदर प्रवेश किया तो देखा कि दुकान से और कोई समान नही ले गया है दो गल्ला को तोड़कर तथा काटकर उसमे रखे 3 लाख रू नगद चोर लेकर भाग गया।

## गृह मंत्री का इंडिया गठबंधन ने चिरकुंडा शहीद चौक पर किया पुतला दहन



**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडर के प्रति अपमानजनक टिपणी किए जाने के विरोध में रविवार की संध्या चिरकुंडा शहीद चौक पर इंडिया गठबंधन के नेताओ ने अमित शाह का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने अमित शाह मुर्दाबाद,संविधान पर हमला बंद करो के नारे लगाए। इस दौरान नेताओं ने कहा कि पूरा देश मे इंडिया गठबंधन के द्वारा प्रतिवाद दिवस मनाया जा रहा है जिसका कारण है अमित शाह के द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया है। आज पूरा देश भाजपा और आरएसएस का विरोध कर रहा है। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। संविधान के रचयिता का ये लोग मज़ाक उड़ा रहे हैं।
मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल चंद्र बाउरी,संतु चटर्जी, सुबीर चटर्जी,आगम राम, मनोरंजन मंल्लिक,नागेंद्र सिंह, मो जियाउल,श्रीकांत सिंह, माणिक गोराई, कल्याण राय,जियाउद्दीन साह,अमरेश चक्रवती, नांटू गोस्वामी, घमंडी यादव, कौशिक आस, दिनांनाथ रविदास, मो अनवर, मो सिराज, गैरुल हसन, प्रदीप बाउरी, बरुन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# पांचवें दिन भी मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर जमसं बच्चा गुट के बेनर तले असंगठित मजदूरों का धरना प्रदर्शन जारी

**श्रमबिंदु /धनबाद । झरिया,।**



लोदना एरिया 10 अंतर्गत कुजामा कोल डंप में मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर 6 नंबर चेकपोस्ट स्थित जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के बैनर तले असंगठित मजदूरों का पांचवें दिन रविवार को भी धरना प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे रत्नेश यादव ने बताया कि 30 जुलाई 2022 को असंगठित मजदूरों की उत्पन्न समस्याओं को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन को लिखित आवेदन दिया गया था, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी पहल नहीं किया गया वही लोडिंग पॉइंट चालू होने के समय में बीसीसीएल प्रबंधन के साथ मौखिक रूप से वार्ता हुई थी। कि यह लोडिंग पॉइंट के चालू होने से क्षेत्र के इर्द-गिर्द बसे हुए लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा ऐसा उन्होंने आश्वासन दिया था। लेकिन ज्योंहि लोडिंग पॉइंट चालू हुआ तो प्रबंधन एक साजिश के तहत पेलोडर मशीन से लोडिंग कार्य शुरू कर दिया जिससे भू धसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सामने भूखमरी जैसे समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके लिए प्रबंधन से कई दौर वार्ता किया गया लेकिन सिर्फ झूठा आश्वासन ही मिला। जिसके कारण आज बाध्य होकर अनिश्चितकालीन धरना पर पार्टी के कार्यकर्ता व असंगठित मजदूर महिला पुरुष बैठे हुए हैं , अगर इससे बात नहीं बनी तो आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े कार्यों को ठप कर दिया जायेगा। जिसकी सारा जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर वार्ड 46 के पार्षद प्रतिनिधि रविन्द्र प्रशाद , प्रीतम रवानी , भीम निषाद, मनोज पासवान, विनोद साव,दिपक यादव, संजीव सिंह, के आलावा रिंकू देवी,पुनम देवी, रेखा ,रुपा, संजीता देवी आदि मुख्य रूप मौजूद थे ।

## 61 यूनिट ब्लड संग्रह की रक्तदान शिविर में मुस्कान एक प्रयास संस्था और भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति ने

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**




रविवार को भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति एवं मुस्कान एक प्रयास के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्त दान शिविर में 61यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। एसजेएएस अस्पताल में शिविर का आयोजन हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विशिष्ट अतिथि में झारखंड चुनाव आयोग आईकॉन श्वेता किन्नर, मधु सिंह,भारतीय रेड क्रॉस समिति संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा संयोजक दिलीप सिंह, प्रशांत बनर्जी,सतीश सिंह, बिट्टू मिश्रा राधे श्याम गोस्वामी, अखिलेश सिंह,पिंकी गुप्ता, शेखर गुप्ता, ललिता सिंह, सुषमा प्रसाद मौजूद रहे. एसजेएएस हॉस्पिटल के डॉक्टरो की टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुदीप पांडे उपस्थित रहे।इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह ने कहा कि धनबाद जिले में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास और मुस्कान एक प्रयास के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन समय - समय पर किया जाता है।धनबाद के कि सी भी मरीज की मौत रक्त की कमी से नहीं हो यही कामना करते हैं।मुस्कान एक प्रयास के संस्थापक ललिता चौहान ने कहा कि निरसा के रक्तदाताओं ने बढ़चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। दिलीप सिंह ने मुस्कान एक प्रयास संस्था और भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति के इस पहल की सरहाना की।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज सिंह, रविंद्र प्रधान, विजय कुमार, विशाल,झूलन मिश्रा, पप्पू मिश्रा,रंजीत साव,प्रकाश कुमार, तरुण अग्रवाल, बंटी सिंह,महेश कुमार,जसपाल सिंह,राजू, काजल बाउरी , वंदना, मोहम्मद हाश्मी,नेहा कपूर,दीपक मिश्रा, गौरव रवानी, महेश मिश्रा,गौतम रवानी,रवि सिंह चौहान आदि का योगदान रहा।

## बिजली घर में कर्मियो को बंधक बनाकर 30 मीटर केबल की लूट



**श्रमबिंदु /धनबाद । महुदा** , भाटडीह ओपी क्षेत्र में स्थित बीसीसीएल के नागदा स्थित विद्युत सबस्टेशन में शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों के एक दल ने दो सुरक्षा प्रहरी को बंधक बनाकर 30 मीटर केबल काटकर ले गए।
शनिवार प्रातः घटना की जानकारी कोलियरी प्रबंधक को दी गयी। उन्होंने भाटडीह ओपी को फोन पर घटना की जानकारी दी। घटना के संबंध में बंधक बीसीसीएलकर्मी गुलाम अंसारी ने बताया कि शुक्रवार रात्रि करीब एक बजे विद्युत सब स्टेशन में 20-25 की संख्या में नकाबपोश अपराधी आए और उसे एवं अशोक तिवारी नामक कर्मी को पीछे से हाथ बांधकर नीचे लेटा दिया और बिजली घर में घुसकर लगभग 30 मीटर केबल काटकर ले गए। अपराधियों के जाने के बाद किसी तरह हाथ खोलकर कोलयरी प्रबंधन को जानकारी दी। इधर केबल कटने से मधुडीह क्वार्टर, मधुडीह एवं नागदा में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी है। इस संबंध में बीसीसीएल प्रबंधन की तरफ से भाटडीह ओपी में कोई शिकायत पत्र नहीं दिया गया है।

## खदान के अंदर से एक चोर को सीआईएसएफ और प्रबंधक ने केबल के साथ पकड़ा..चोर कोल कर्मी का पुत्र निकला,अन्य तीन चोर की तलाश जारी..मधुबन पुलिस चोर को लिया हिरासत में पूछताछ जारी

**श्रमबिंदु /धनबाद। कतरास।**

बीसीसीएल महेशपुर कोलियरी खदान में शनिवार की देर रात खदान के अंदर चोर की खबर होने की सूचना पर प्रबंधक नारायण हांसदा व सीआईएसएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर खदान के अंदर से एक चोर को केबल के साथ पकड़ लिया।पकड़ा गया चोर सिनीडीह के संतोष कुमार उर्फ पीलिया बताया जाता है। जो कोल कर्मी का पुत्र है।पकड़ा गया युवक ने प्रबंधन व सीआईएसएफ को बताया कि अन्य तीन युवक अभी खदान के अंदर है। जिसके बाद खदान के अंदर अन्य चोरो की तलाश जारी है। मामले की सूचना मिलने पर मधुबन पुलिस भी महेशपुर खदान पहुँच का चोर को अपने कब्जे में ले लिया।जबकि अन्य चोर मौका देख खदान के अंदर ही छिप गया।युवक ने अपने तीन साथी का नाम गोविंद कुमार,सोनू कुमार,सुंदर कुमार बताया ।



## बीजेपी का सदस्यता अभियान प्रारंभ




**श्रमबिंदु /धनबाद** । भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान का प्रारंभ रविवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिमला बहाल से झरिया की माननीय विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र संख्या 35 ऊ पर शुभारंभ के साथ नमो एप के जरिए कई नए सदस्य बनाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष तरुण राय , जिला मंत्री राज किशोर जैना, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी, आईटी प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव महामंत्री संतोष रवानी उपाध्यक्ष रामदेव शर्मा उपाध्यक्ष रंजीत दास मंत्री रूपेश गुप्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल गुप्ता नंदू साव सोनू रजक आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे ।

## आर्य कुमार पुस्तकालय परिसर में शिव संगीत केंद्र का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया

**संवाददाता।**



मधुबनी जिला के जयनगर के आर्य कुमार पुस्तकालय परिसर में शिव संगीत केंद्र का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत जयनगर के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस मौके पर आए हुए अतिथि को पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना वरदे वीणा वादिनी गीत से शिक्षक कृष्ण कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया।स्वागत गीत संगीत शिक्षिका चांदनी सरगम के द्वारा प्रस्तुत किया गया।इसके बाद चांदनी सरगम ने पंख होते तो उड़ जाती रे ,राधा ने भजन अमृत हरिनाम जगत में,कल्पना ने स्वर्ग से सुंदर मिथिला धाम,निशा रानी हे हंसवाहिनीं ज्ञान दायिनी,ममता ने दया कर दान विधा का,लक्ष्मी ने दूर जाकर न कोई बिसरा करें, राजीव रंजन ने चलो एक बार फिर से,दुर्गेश ने तू मेरी जिंदगी है।राजन ने मेरी तरह भी कभी,मूर्ति कुमारी ने बाबा नेने चलियो हमरो अपन नगरी,डॉ त्रिपुरारी हुई शाम उनका ख्याल आया गया,सूर्य नारायण मंडल ने सबको दिल मे समाना नही चाहिए, पूजा कुमारी ने मैथिली गीत,रिया सिंहा ने राग मारू बिहाग, सरदार जगजीत सिंह ने राग मियो मल्हार,छत्रपति ने राग तोरी,तुलसी ने राग माल गूंजी,गगन ने राग भूपाली,मनीषा ने राग छायानट,आदि आदित्याँशु ने राग बागेश्री अमृतांशु भीमपलासी गीत संगीत प्रस्तुत किया।इसके अतिरिक्त रामबहादुर सिंह,इंदर,रामेश्वर एवं सुरेंद्र ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति दिया इस मौके पर संगीत कलाकारों में नागेंद्र, सुजीत पोद्दार, रमेश,बिपिन, शीतल कुमार झा सहित अन्य मौजूद थें।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुर्गेश कुमार के द्वारा किया गया।केन्द्र के निदेशक सह संगीत शिक्षक प्रो .कृष्ण कुमार ने बताया कि लगभग कई वर्षो से गीत संगीत कला के क्षेत्र में कार्यरत हूँ और छात्रों को गीत संगीत का प्रशिक्षण दे रहा हूँ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की प्रतिमा निखरती है। कला गीत संगीत के क्षेत्र में शिक्षार्थीयों में कला के प्रति रुचि कलात्मक ज्ञान के साथ सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र प्रेम का भाव जगाना हैं। सुमधुर गीत सगीत सुनने और गायन करने से मन मे शांति और ऊर्जा का संचार होता हैं।इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## चोरों का आतंक तिसरा थाना क्षेत्र में

**श्रमबिंदु /धनबाद** । तिसरा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक देखने को मिला, देर-रात चोरों ने दो ज्वेलरी दुकान में अपनी हाथ की सफाई दिखाई और दुकान की शटर काटकर सारे ज्वेलरी को लूट लिए। जयरामपुर मोड़ स्थित मां पिंकी देवी ज्वेलर्स जिसके प्रोपराइटर मुन्ना वर्मा और उदय गोस्वामी की दुकान से लगभग एक लाख रुपए की ज्वेलरी लूट लिया । दुकानदारों ने बताया कि चोरों ने शटर काटकर दुकान में रखें तमाम ज्वेलरी को चुरा ले गए। इसकी सूचना उन्होंने तीसरा थाने को दी, सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सुमन कुमार ने जांच की बात की है, उन्होंने बताया कि अगल-बगल के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है कुछ सुराग मिला है जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।



## याद किये गये प्रधानाध्यापक और समाजसेवी स्व0 मोहन प्रसाद चौथी पुण्यतिथि पर

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



तिसरा, रविवार को स्व0 मोहन प्रसाद की चौथी पुण्यतिथि उनके निवास स्थान चार नंबर सब्जी बगान झरिया में सादगी पूर्वक मनाई गई। सब्जी बगान के निवासियों तथा बाहर से आए हुए समाजसेवी तथा गणमान्य व्यक्तियों ने उनके छाया चित्र पर फूल माला तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस समारोह के मुख्य अतिथि जनता श्रमिक संघ के लोदना क्षेत्र के सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने कहा कि उनको मैं काफी करीब से जनता हूं। वे संघर्षशील,कर्मठ तथा व्यहारिक व्यक्ति थे। उन्होंने शिक्षा के विकास के लिए दो विधालय की स्थापना की थी जिसमें गरीब छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था थी। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके मार्ग पर चले एवं उनके सपनों को पूरा किया जाए। वार्ड पार्षद संजय यादव ने कहा कि वे अपने मुहल्ले का विकास के साथ साथ आस पास के क्षेत्रों के विकास में उनका सराहनीय योगदान रहता था। आयोजन की अध्यक्षता एवं संचालन यदुनंदन जी किए तथा धन्यवाद ज्ञापन रामाशंकर सिंह किए। मौके पर बिहारी जी,संजू यादव,एस एन लाल, चन्द्रिका प्रसाद , सुरेश धारी जी उपस्थित थे।उनकी पुण्यतिथि उनके द्वारा स्थापित नेशनल हाई स्कूल जयरामपुर में भी मनाईं गई। वहां सभा की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रताप शर्मा तथा संचालन रामजी सिंह ने किया। छात्रों तथा अध्यापकों ने उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गई।

## जब एक कंबल किसी को सहलाए, ठंड में हर दर्द भी मुस्कुराए

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



इस स्लोगन को आयुष फाउंडेशन धनबाद ने साकार किया। भीषण ठंड को देखते हुए पूर्वी टुंडी क्षेत्र के शहरपूरा, रामकनाली, चेपकिया कोल्दी, विसवादिह, नावाडीह, और नवाटांड गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये सभी गांव आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय लोगों से संबंधित हैं।
संस्था की सचिव श्रीमती अर्पिता अग्रवाल जी को जैसे ही इन क्षेत्रों की दयनीय स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल सभी सदस्यों से विचार-विमर्श किया। इसके बाद, इस पहल को आगे बढ़ाते हुए लगभग 250 कंबल ज़रूरतमंद गरीबों के बीच वितरित किए गए।
इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों ने लगभग एक महीने तक अथक परिश्रम किया। यह अनुभव सभी के लिए प्रेरणादायक और संतोषजनक रहा। कार्यक्रम में सभी सक्रिय सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।
संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि आयुष फाउंडेशन धनबाद हमेशा यथा संभव गरीबों, असहायों, और ज़रूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहेगा। सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए वे बधाई के पात्र हैं।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com